जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 218 प्रभात जालोर, गुरुवार 14 नवम्बर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# वायनाड में मतदान गत चुनाव की तुलना में दस प्रतिशत घटा

## प्रियंका गांधी के बड़े अंतर से जीत के दावों पर प्रश्न चिन्ह लगा

- बुधवार को विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों तथा झारखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के रोचक रुझान उभर रहे हैं।
- राजस्थान में सात सीटों के लिए मतदान हुआ, कांग्रेस के तीन सीटें जीतने की उम्मीद है जबकि कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता चुनाव प्रचार में नहीं दिखा।
- बिहार में चार सीटों के उपचुनाव में प्रशांत किशोर की नई पार्टी ने प्रत्याशी उतारे। प्रशांत को जीत की उम्मीद थी पर वे काफी पीछे हैं। यहां एक सीट पर भाजपा व तीन पर राष्ट्रीय जनता दल जीतने की स्थिति में है।
- पंजाब में राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंघावा की पत्नी चुनाव लड़ रही हैं, उनकी हालत खराब है, क्योंकि, यहां आप पार्टी से गठबंधन टूट गया है। कारण है प्रताप सिंह बाजवा, जिन्होंने आप के खिलाफ धुंआधार प्रचार किया है।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। विभिन्न राज्यों में उप चुनाव हो रहे हैं तथा झारखंड में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं पर जो रुझान नज़र आ रहे हैं वे काफी रोचक हैं।

राजस्थान में सात सीटों पर उपचुनाव हो रहा है और कांग्रेस जिसका कोई भी बड़ा नेता चुनाव प्रचार में मौजूद नहीं है फिर भी पार्टी को 7 में से 3 सीटे जीतने की उम्मीद है। ये सीटें हैं झुंझुनूं राजगढ़ और दौसा। पश्चिम बंगाल में 6 सीटों पर उपचुनाव हो रहा है और ममता बनर्जी को सभी 6 सीटें जीतने का यकीन है। वहां कोई विपक्ष नहीं है केन्द्रीय बल मतदान केन्द्र के दायरे से बाहर है और मजे कर रहे हैं तथा पुलिस अपना काम कर रही है।

बिहार में चार सीटों पर उपचुनाव है तथा प्रशांत किशोर ने सभी चार सीटों पर प्रत्याशी खड़े किये हैं उन्हें यहां खाता खुलने की उम्मीद थी पर खबरें है कि व काफी पीछे हैं। एक सीट भाजपा और तीन पर राष्ट्रीय जनतादल के जीतने की उम्मीद है।

केरल में वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में प्रियंका गांधी मैदान में हैं वे भारी अंतर से जीत की उम्मीद कर रही थीं पर गत चुनाव की तुलना में मतदान में दस प्रतिशत की गिरावट आई है। अन्य दो सीटों में से एक पर कांग्रेस व एक पर वाम मोर्चा के जीतने की उम्मीद है। हालांकि भाजपा भी यहां काफी कोशिश कर रही है।

पंजाब में ए.आई.सी.सी. महासचिव और राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंघावा की पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। आप पार्टी से गठबंधन टूटने के बाद उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। आप और कांग्रेस का गठबंधन टूटने का कारण है प्रताप सिंह बाजवा का आप पार्टी के खिलाफ धुंधाधार चुनाव प्रचार। यहां चार सीटों पर चुनाव हैं तथा दोनों पार्टियां दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं।

झारखंड में, जहाँ मतदान के पहले चरण में 43 सीटों पर मतदान हुआ, वहाँ भाजपा आगे है, हालांकि, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी सीटों तथा आधार पर पकड़ बना रखी है और कांग्रेस की स्थिति कमजोर पार्टनर की है और उसका प्रदर्शन फीका है।

रोचक बात है कि, झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो राहुल गांधी को रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट तो गए लेकिन, सार्वजनिक मंच पर उनके साथ नहीं थे। दोनों नेताओं ने किसी भी जॉइंट मीटिंग को संबोधित नहीं किया है, जिससे कई लोग आश्चर्यचकित हैं, क्योंकि दोनों का एक दूसरे से गठबंधन है।

शहरी सीटों पर कांग्रेस का मुकाबला भाजपा से है, इसलिए, माना जा रहा है कि झामुमो की तुलना में उसका प्रदर्शन खराब होगा, जो ग्रामीण और जनजातीय सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की स्थिति नाज़ुक नज़र आ रही है। नौ उपचुनाव, जो आज होने थे, को 20 तारीख तक स्थगित कर दिया गया है। चर्चा यह है कि भाजपा को कुछ और समय चाहिए था, तैयारी के लिए। इस राज्य में स्पष्ट रुप से समाजवादी पार्टी लाभ की स्थिति में है। महाराष्ट्र में एक ही दिन, 20 नवम्बर को चुनाव हैं, जबकि, मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

## खींवसर में सर्वाधिक, 75.62 प्रतिशत मतदान

जयपुर, 13 नवम्बर। राजस्थान में सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में से खींवसर में सर्वाधिक 75.69 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, दौसा में सबसे कम 62.1 फीसदी मतदान हुआ।

- राजस्थान में मतदान 69.29 प्रतिशत रहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतदान की समाप्ति के समय संभावित कुल मतदान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आर.पी.एस. के पूर्व सदस्य की जमानत अर्जी खारिज

जयपुर, 13 नवंबर। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-3 महानगर द्वितीय ने एस.आई. भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में न्यायिक

- अदालत ने कहा पूर्व सदस्य रामूराम राईका के खिलाफ गंभीर आरोप है, उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।

अभिरक्षा में चल रहे आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य रामूराम राईका की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक दूसरे पर भारी संदेह है, महाराष्ट्र के दोनों गठबंधनों के घटक दलों को

## ये दल खुद की जीत के लिए तो लड़ ही रहे हैं पर इन्हें यह भी चिंता है कि गठबंधन का दूसरा सहयोगी दल मजबूत स्थिति में न आ जाए

- महायुति गठबंधन में अजित पवार की पार्टी सिर्फ 57 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहीं, भाजपा 148 और शिंदे की पार्टी 80 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।
- अजित की कोशिश है कि भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) को चुनावों में नुकसान हो।
- अजित पवार के हालिया बयानों को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नारे ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का घोर विरोध किया जबकि भाजपा इस नारे का खूब इस्तेमाल कर रही है। उनके गौतम अडानी से संबंधित बयान को भी इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। चर्चा है कि वे भाजपा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।
- राजनैतिक हल्कों में चर्चा है कि दोनों गठबंधनों के सहयोगी दलों की नज़र चुनाव बाद के हालात पर है। चुनाव के बाद कई नए समीकरण उभर सकते हैं।

- श्रीनन्द झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। महाराष्ट्र विधानसभा के लिये मतदान होने से एक सप्ताह पूर्व, नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) नेता अजित पवार ने यह कहकर एक राजनैतिक बखेड़ा खड़ा कर दिया है कि 2019 में, भाजपा और अविभाजित एन.सी.पी. के बीच हुई राजनैतिक मुलाकात में उद्योगपति गौतम अडानी शामिल थे, जिसके बाद, अल्पकालीन देवेन्द्र फडनवीस सरकार बनी थी। अजीत ने कहा, ''सभी जानते हैं कि वह मीटिंग व्यवसायी (गौतम अडानी) के दिल्ली-स्थित निवास पर हुई थी। उस मीटिंग में, गौतम अडानी के अलावा, अमित शाह थे, प्रफुल्ल पटेल थे, देवेन्द्र फड़नवीस थे तथा शरद पवार थे।'' अजित ने आगे कहा, ''इस मीटिंग में हर चीज तय हुई थी। इस (मीटिंग) का दोष मेरे ऊपर मढ़ा गया है और मैंने उसे वहन किया है। मैंने दोषारोपण को स्वीकार किया तथा अन्य (सब) को सुरक्षित रखा।''

जहाँ इस विस्फोटक रहस्योद्घाटन का जाहिर-सा उद्देश्य चाचा शरद पवार के नेतृत्व वाली प्रतिद्वन्द्वी एन.सी.पी. की चुनावी सम्भावनाओं को क्षति पहुँचाना है, लेकिन मीटिंग में अडानी की मौजूदगी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अपने पैरों पर खड़े होना सीखें, सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार को निर्देश दिया

## सुप्रीम कोर्ट ने अजित से यह भी कहा, जब आप शरद पवार से अलग हो गए हैं तो उनके नाम, फोटो या वीडियो का प्रयोग भी नहीं करें

- सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला शरद पवार गुट द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए दिया।
- याचिका में कहा गया था कि अजित पवार महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में फायदे के लिए शरद पवार के फोटो, वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं।

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। अजित पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. को निर्णायक निर्देश देते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने आज विद्रोही नेता अजित पवार को कहा, ''अब, जबकि, शरद पवार के साथ आपके सैद्धान्तिक मतभेद हैं, तो आप अपने स्वयं के पैरों पर खड़ा होना सीखिये। एक बार जब आप इनसे अलग हो गये हैं तो आपको उनके नाम, फोटो या वीडियो का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।''

शीर्ष अदालत ने एन.सी.पी. नेता अजित पवार से कहा कि 20 नवम्बर को होने वाले विधान सभा चुनावों से पहले वो अपने चाचा, एन.सी.पी. -एस.सी.पी. प्रमुख शरद पवार का नाम, फोटो तथा वीडियो का उपयोग न करें।

अजित पवार, जो इस समय महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री हैं, शरद पवार की नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिल गये थे। उन्हें मूल एन.सी.पी. का नियंत्रण अपने हाथ में रखने की अनुमति मिल गई थी। वहीं शरद पवार ने एन.सी.पी.-एस.सी.पी. के नाम से पार्टी का एक नया गुट बना लिया था।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा उपरोक्त नवीनतम निर्देश तब जारी किया गया, जब एन.सी.पी. -एस.सी.पी. के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत को यह जानकारी दी कि अजित पवार सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व आदेश की अनुपालना नहीं कर रहे हैं तथा महाराष्ट्र के आसन्न विधानसभा चुनावों में वोट हासिल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हाईकोर्ट ने जलजीवन मिशन मामले में ई.डी. को पक्षकार बनाया

जयपुर, 13 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जल जीवन मिशन मामले में लंबित जनहित याचिका में ई.डी. को पक्षकार बना लिया है। इसके साथ ही, अदालत ने मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश, ''पब्लिक अगेंस्ट करप्शन'' की जनहित

- याचिका के अनुसार, सी.बी.आई. केवल दो प्रकरणों की जांच कर रही है, कई मामलों में तो बिना काम किये भुगतान दिया गया।

याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पीसी भंडारी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि प्रकरण हजारों करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़ा है। वहीं, सी.बी.आई. जल जीवन मिशन से जुड़े सिर्फ दो प्रकरणों की जांच कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा कभी भी मुस्लिम आरक्षण की अनुमति नहीं देगी'

## अमित शाह ने मुम्बई की चुनावी सभाओं में घोषणा की

- अमित शाह ने वक्फ बोर्ड कानून का मुद्दा उठाया और कहा कि मोदी वक्फ बोर्ड कानूनों में सुधार के लिए कृतसंकल्प हैं चाहे इंडिया गठबंधन जितना भी अवरोध खड़ा कर दे।
- शाह ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए गठबंधन ने न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के साथ समझौता किया है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 नवंबर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुंबई में जोर देकर कहा कि राहुल गाँधी, शरद पवार और उनकी महा अघाड़ी कितना भी चाहें, भाजपा मुसलमानों को आरक्षण की अनुमति नहीं देगी।

घाटकोपर और बोरीबिली में दो रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के पास वक्फ बोर्ड और मौलाना के लिए फण्ड हैं, लेकिन महाराष्ट्र के विकास के लिए संसाधन की कमी है। उन्होंने कहा, एम.वी.ए. जितना चाहे विरोध करे, लेकिन, मोदी सरकार वक्फ बोर्ड कानूनों को सुधारने के लिए दृढ़ संकल्प है। संसद की एक स्थाई समिति वक्फ बोर्ड कानूनों की समीक्षा कर रही है, जिसे इस माह शुरू होने वाले शीत सत्र में संसद में रखा जाएगा।

उन्होंने जोर देकर कहा, कि एम.वी.ए. का अस्तित्व खत्म होने वाला है और महाराष्ट्र में मोदी के नेतृत्व में महायुति सरकार का गठन होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष स्वयं अपनी ही पार्टी के वादों पर विश्वास नहीं करते हैं, जबकि, मोदी के वादे पत्थर जितने मजबूत हैं।

शाह ने आरोप लगाया कि इण्डिया गठबंधन के नेताओं को वोट बैंक की लालच है, और ये लोग महाराष्ट्र तथा सम्पूर्ण राष्ट्र की सुरक्षा के साथ समझौता कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राहुल को पता होना चाहिए कि उनके परिवार की चार पीढ़ियाँ भी, मोदी सरकार द्वारा रद्द किए गए आर्टिकल 370 को वापस नहीं ला सकतीं।

शाह ने एम.वी.ए. पर, विकास की हर पहल का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र और मुंबई का विकास केवल प्रधानमंत्री मोदी तथा वर्तमान महायुति सरकार के नेतृत्व में संभव है।

छत्रपति शिवाजी एवं वीर सावरकर के बारे में बोलते हुए, शाह ने कहा, शिवाजी ने महाराष्ट्र की भूमि से संपूर्ण राष्ट्र को स्वराज व स्वधाम का रास्ता दिखाया। शाह ने कहा कि जिस दिन भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया उसी दिन मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी महाअघाड़ी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सलाह दी कि वही वादे करें जिन्हें पूरा किया जा सके। शाह ने कहा, इससे दिखाई पड़ता है कि खड़गे को अपनी ही पार्टी द्वारा किए गए वादों पर विश्वास नहीं है।

उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में धारा 370 को रद्द करने वाला विधेयक जब संसद में पेश किया गया, उस समय कांग्रेस नेता राहुल गाँधी, शरद पवार की पार्टी, ममता बनर्जी की पार्टी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना, सभी ने इसका विरोध किया,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आवंटी के फ्लैट से बैंक की वसूली नहीं - रेरा

जयपुर, 13 नवंबर। रेरा ने एक महत्वपूर्ण फैसले में फ्लैट आवंटियों के अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए कहा है कि बैंक की ओर से बिल्डर के लोन की वसूली आवंटियों के फ्लैट बेचकर नहीं की जा सकती। वहीं, रेरा ने बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को निर्देश दिया है कि वह प्रार्थी के फ्लैट का बेचान

- एक महत्वपूर्ण फैसले में रेरा न कहा, बैंक बिल्डर के ऋण की वसूली आवंटी से नहीं कर सकता।

नहीं करे और उसके पक्ष में एन.ओ.सी. जारी करे। रेरा की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने यह आदेश सुरेन्द्र कुमार के परिवाद पर दिया। रेरा ने कहा कि रेरा एक्ट के तहत आवंटियों को दिए गए अधिकारों को सरफेसाई एक्ट की कार्रवाई के तहत खत्म नहीं कर सकते। ऐसे में बैंक न तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोचिंग सैंटर्स के झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर केन्द्र सरकार की सख्ती

## केन्द्र सरकार ने कोचिंग सैंटर्स की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए गाइडलाइन्स जारी की

- सैंट्रल कंज़्यूमर अथॉरिटी ने बुधवार को 45 कोचिंग सैंटर पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही की तथा 18 सैंटर्स से नियमों के उल्लंघन के लिए 54.60 लाख रु. पैनल्टी वसूली।
- उपभोक्ता मामलात मंत्रालय की सचिव, निधि खरे ने पत्रकारों को बताया कि ये गाइडलाइन्स उन ''सैलिब्रिटीज़'' पर भी लागू होंगी, जो कोचिंग सैंटर्स का प्रमोशन करती हैं।
- गाइडलाइन्स में विज्ञापन टॉपर्स के फोटो व नाम का मनमाना इस्तेमाल करने पर रोक लगाई गई है तथा कहा है कि सम्बंधित टॉपर की लिखित सहमति के बाद ही उनके नाम या फोटो का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- नैशनल कंज़्यूमर हैल्पलाइन ने कोचिंग विद्यार्थियों की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए छात्रों को उनकी एनरोल्मैंट फीस भी वापस दिलवाई तथा कई अन्य समस्याओं का समाधान भी किया।

- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। दिल्ली में कोचिंग सैंटर्स की तेजी से संख्या बढ़ रही है। सेंट्रल कंज़्यूमर प्रोटैक्शन अथॉरिटी ने भ्रामक विज्ञापन जारी करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए गाइडलाइन्स जारी की है।

अथॉरिटी ने 45 कोटिंग सैंटर्स के खिलाफ स्वतः संज्ञान कार्यवाही की और उन्होंने 18 कोचिंग सैंटरों पर 54.60 लाख रु का जुर्माना भी किया है। कंज़्यूमर्स अफेयर विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि, हमने कोचिंग सैंटर्स को विद्यार्थियों के साथ धोखा करने के खिलाफ चेतावनी दी।

उन्होंने एक प्रैस कान्फ्रैंस में बताया था कि ये गाइड लाइन्स कोचिंग में लगे हर व्यक्ति पर ये गाइड लाइन्स लागू होती हैं। इसमें वे हस्तियां भी शामिल हैं जो कोचिंग सैंटर को प्रमोट करती हैं।

हरेक कोचिंग सैंटर को नैशनल कंज़्यूमर हैल्पलाइन से जुड़ना होगा और इससे छात्रों के लिए भ्रामक विज्ञापनों के बारे में अपनी चिंताओं का समाधान करना आसान हो जाएगा।

इन गाइड लाइन्स में, कोचिंग संस्थानों के लिए प्रस्तावित कोर्सों, उनकी अवधि, फैकल्टी की योग्यता, फीस, रिफन्ड पालिसी, चयन-दरों, सफलता के आंकड़ों, परीक्षाओं में रैंकिंग तथा जॉब सिक्यूरिटी के वादों के बारे झूठे दावे करना निषिद्ध कर दिया गया है तथा कहा गया है कि ये संस्थान अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर, संसाधनों तथा सुविधाओं की सही जानकारी देंगे।

एक उल्लेखनीय कदम के अन्तर्गत, ये गाइड लाइन्स कोचिंग सेन्टरों को कथित रूप से, विज्ञापनों में विद्यार्थियों के नामों, फोटोग्राफों या टेस्टिमोनियल्स का उपयोग, उनकी लिखित सहमति के बिना करने रोकेंगी। और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि विद्यार्थी की सहमति उसके सफल होने के बाद ही ली जायेगी।

इन गाइड लाइन्स का निशाना, कथित रूप से, कोचिंग में काम करने वाले किसी व्यक्ति के द्वारा प्रयुक्त इस युक्ति को बनाया गया है, जिसके द्वारा संबंधित कोचिंग में प्रवेश के लिए अर्जेन्सी या कम सीटें शेष होने का माहौल बनाया जाता है। इसमें सीमित सीटें, जबरदस्त मांग, आदि का उल्लेख शामिल है, जिससे विद्यार्थियों पर तत्काल प्रवेश लेने का दबाव पड़ता है।

इन गाइड लाइन्स के उल्लंघन को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

विश्व में अग्रणी भूमिका निभाने की आकांक्षा रखने वाला कोई भी देश शुद्ध या दीर्घकालीन अनुसंधान की उपेक्षा नहीं कर सकता। –होमी भाभा

# एडीडी मनोविकार से पीड़ित आज की पीढ़ी

एडीडी यानी कि अटेंशन डेफिसिट डिसआर्डर आज के समय का सबसे अधिक प्रभावित करने वाला मनोविकार है और मजे की बात यह है कि आज सबसे अधिक प्रभावित भी इस मनोविकार से बड़े ही नहीं बच्चे होने लगे है। हालांकि विशेषज्ञ इस मनोविकार का एक कारण जेनेटिक भी मानने को तैयार है पर इसका सबसे बड़ा कारण सोशियल मीडिया की मायावी दुनिया है। इंटरनेट और सोशियल मीडिया के सकारात्मक प्रभावों से ज्यादा आज इन नकारात्मक प्रभावों को लेकर मनोविज्ञानी अधिक चिंतित है। कारण भी साफ है। सोशियल मीडिया की इस मायावी दुनिया में बच्चें, बुढ़े सभी उलझते जा रहे हैं। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव यह पड़ रहा है कि हमारी एकाग्रता कहीं बाधित हो रही है।

एडीडी से प्रभावित व्यक्ति किसी एक चीज पर फोकस नहीं कर पाता है और यही कारण है कि वह किसी एक काम को एकाग्रता से करते हुए अंतिम परिणाम तक नहीं पहुंचा पाता और उसका परिणाम यह होता है कि इससे प्रभावित व्यक्ति में कुंठा, नैराश्य, डिप्रेशन और इससे जुड़े अन्य विकार से प्रभावित हो जाता है और परिणाम सामने आता है अनावश्यक रिएक्शन, गुस्सा आदि आदि। इसमें हम केवल और केवल बच्चों या युवाओं को ही दोष नहीं दे सकते बल्कि देखा जाए तो इंटरनेट और सोशियल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित लोग इन हालातों से दो–चार होते जा रहे हैं। चिंतनीय यह है कि फोकस नाम की चीज खोती जा रही है और उसके स्थान पर मानसिक भटकाव लेता जा रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम को पहले करने की सोचने लगते हैं। इस सबका बड़ा कारण खासतौर से इलेक्ट्रोनिक गजेट्स और लेपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का यह साइड इफेक्ट होने लगा है। इससे लगभग मिलती–जुलती कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी कि अटेंशन डेफिसिट हाईपरएक्टिविटी डिस आर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे–समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रुप से एडीडी यानी के रुप में देखा जा सकता है।

मजे की बात यह है कि जिस तरह से एडीडी मनोविकार का विस्तार होता जा रहा है यानी कि जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ ही अत्यधिक चिंतनीय भी है। एक दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूध पीते बच्चे को भी मोबाईल थमाकर शांत रखने की प्रवृति आम होती जा रही है उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चें हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रात–दिन जिस तरह से सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए।

**दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि आज गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है।**

मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है। देखा जाए तो एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सीधे हमारी ही नहीं बच्चों की मनोदशा को प्रभावित कर रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मन बहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं।

अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से गुस्सेल होते जा रहे हैं। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि आज गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है।

मनोविश्लेषकों के अनुसार 100 में से 5 से 6 बच्चे इस मनोविकार के शिकार हो रहे हैं। सर्वे में यह भी साफ हुआ है कि बच्चियों की तुलना में बच्चे यानी कि मेल चाइल्ड अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में समस्या अधिक गंभीर होती जा रही है। भारत ही नहीं दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो चार हो रहे हैं। यही कारण है कि इस समस्या का समाधान बच्चों पर कुछ हद तक सोशियल मीडिया और इंटरनेट के प्रयोग पर अंकुश लगाने पर गंभीर प्रयास ही नहीं कई देशों में तो सख्त कदम उठाये जाने लगे हैं। हांलाकि इंटरनेट के उपयोग को बच्चों के लिए सीमित या बाधित करना एक उपाय हो सकता है पर यह कोई अंतिम समाधान नहीं हो सकता। बच्चों की एकाग्रता को बनाये रखने के लिए कोई ठोस व कारगर उपाय खोजने ही होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 14 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 12:33 तक, सिद्धि योग दिन 11:30 तक, तैतिल करण प्रातः 9:44 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 12:33 तक है। रवियोग रात्रि 12:33 तक रहेगा। आज राधा वल्लभ महोत्सव, काशी विश्वनाथ प्रतिष्ठा दिवस, वैकुण्ठ चतुरदशी है। चतुरदशी तिथि का क्षय हुआ है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:10 तक, चर 10:51 से 12:11 तक, लाभ–अमृत 12:11 से 2:52 तक, शुभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:50, सूर्यास्त 5:33

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक स्थिति ठीक में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक में सुधार होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।


**मकर**
घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटका हुआ धन प्राप्त होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# भारत की आध्यात्मिक व धार्मिक माला के बेहद चमकदार मणके–गुरू नानक देव जी

## गुरूनानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर...



जसबीर सिंह

**जब** देश विदेश में गुरूनानक देव जी का 555वां प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा व उल्लास से मनाया जा रहा है उस समय उनका जीवन, आचरण व संदेश वर्तमान काल के संदर्भ में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। गुरूनानक देव जी भारत की अनोखी, अनूठी व बेजोड़ आध्यात्मिक माला के चमकदार मणके हैं व उनके द्वारा स्थापित सिख परम्परा पर हम भारतीयों को गर्व है। उन्होंने भारत की सनातन परम्परा के संवाद व दूसरे पंथों व मतों को समझने तथा उनके उत्कर्ष्टतम सिद्धान्तों को उदार मन से स्वीकारने के सिद्धान्त को प्रोत्साहित किया। उनकी वाणी है **''जब लग दुनिया रहिये नानक, किछु सुणीऐ किछु कहिऐ''** अर्थात् जब तक संसार में रहो कुछ सुनो और कुछ कहो। अनेक भूगोलवेत्ताओं के अनुसार पुराण काल में पूरे एशिया या उसके बहुत बड़े हिस्से को जंबूद्वीप के नाम से जाना जाता था। भारत इस जंबूद्वीप का एक हिस्सा था। तीस वर्ष की आयु में 1499 से 1521 के मध्य अपनी चार उदासियों (लम्बी यात्राओं) में पुराणों में वर्णित इस जंबूद्वीप का शायद ही कोई ऐसा कोना हो जो गुरूनानक ने अपनी पद यात्राओं से न नापा हो। उनकी इन यात्राओं का उद्देश्य साधुओं, मनीषीयों व सूफियों का संग व दिव्य भक्ति का प्रचार था। कैलाश मानसरोवर से लेकर हरिद्वार, अयोध्या, काशी जहां कबीर चबूतरे पर उनका कबीर जी से संवाद भी हुआ, मणीकरण, लद्दाख, तिब्बत, भूटान, गोरखमता, नालन्दा, कामरूप, बीकानेर, अजमेर, आबू, सिक्किम, अरूणाचल, कालीघाट (वर्तमान कोलकत्ता), तवांग के आगे बूमला स्थित पर्वत की चोटी, यरूशलम, शंघाई, अदन, फिलस्तीन, मिस्त्र, सूडान, अबैसीनिया, सीरिया, तुर्की, अजरबैजान, ईरान, तुर्किस्तान, अफगानिस्तान, बगदाद व मक्का तक गये। विभिन्न धार्मिक परम्पराओं के संतों, मनीषियों, सूफियों व लामाओं से संवाद किया। इतने दुर्गम व दूर के अनेकोनेक स्थानों पर जाने के कारण उन्हें तिब्बत में नानक लामा, रूस में नानक कामदार, नेपाल में नानक ऋषि, भूटान में नानक रिपोचिया, श्रीलंका में नानकचार्या, चीन में नानक फूसा, ईराक में नानक पीर, मिस्त्र में नानक वली, पाकिस्तान में नानक शाह व सऊदी अरब में प्रथम पातशाही वली हिंद के नाम से जाना जाता है। भारत के गौरवशाली इतिहास में आदि शंकराचार्या के पश्चात् गुरूनानक देव जी द्वारा 22 वर्षों में लगभग 28000 किलोमीटर की पदयात्रा (उदासियां) की गयी।

गुरू जी अपनी यात्राओं में सैकड़ों प्रकार के लोगों से मिले। विरोधियों से भी व प्रशंसकों से भी, चोरों, ठगों व लुटेरों से भी, पंडितों, मनीषियों, योगियों व तान्त्रिकों से भी, बौद्ध लामाओं से भी, सूफियों, शेखों, काजियों और मुल्लाओं से भी। सर्वत्र उनके मृदुल स्वभाव व सत्यशील आचरण ने विजय पाई। देश के मध्यकालीन संतों में गुरूनानक ने सुधा लेप का काम किया। यह आश्चर्य की बात है कि विचार और आचार की दुनिया में इतनी बड़ी क्रान्ति लाने वाले गुरूनानक ने बिना किसी का दिल दुखाए, बिना किसी पर आघात किये नयी संजीवनी धारा से प्राणीमात्र को उल्लासित भी किया व प्रेरित भी। गुरूनानक देव जी ने उस समय तक के महान संतों व सूफियों की वाणी को समझा और आचरण में उतारा। इसी का परिणाम था कि गुरू ग्रंथ साहिब में 6 सिख गुरूओं के अतिरिक्त 30 अन्य पंथों व धर्मों के संतों जैसे– धन्ना जी, पीपा जी, कबीर जी, रैदास जी, त्रिलोचन जी, दादू जी, बाबा फरीद जी, नामदेव जी आदि की वाणी को गुरूग्रंथ साहिब में शामिल किया गया।

उन्होंने ऊँच–नीच के भेद को नकारते हुय सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, जातियों की संकीर्ण दीवारों को तोड़ कर एक ही स्थान पर संगत करना तथा एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन मिल–बैठकर ग्रहण करने की 'लंगर' परम्परा की शुरूआत की, जिसे आज भी सिख परम्परा में पूरी शिद्दत के साथ अनवरत निभाया जा रहा है। उन्होंने अपनी वाणी में कहा भी **''सगल बनसपति महि बैसंतर सगल दूध महि घीआ।। ऊँच नीच महि जोत समाणी घटि घटि माघउ जीआ''**। अर्थात्– जैसे सारी वनस्पति में अग्नि का निवास है और सारे दूध में घी विद्यमान होता है वैसे ही ऊँच–नीच, अच्छे–बुरे सबमें प्रभु की ज्योति समाई हुयी है और प्रत्येक हृदय में वह प्रभु बसता है।

स्वयं गुरूनानक देव जी 1522 में करतारपुर साहिब आकर रहने लगने के पश्चात् 1539 तक खेती भी करते रहे। भावभीने और सामान्य ज्ञान से ओतप्रोत गुरूनानक के सैकड़ों शबद हैं जैसे– **''रैन गवाई सोये के दिवस गवाया खाये, हीरेजैसा जन्म है कौडी बदले जाये'', ''घर में घर दिखाए दे, सो सतगुरू पुरूख सुजान'', ''न ओह मरे न ठागे जाये जिनके राम वसे मन माहि''** जिन्होंने भक्तों का मन मोह लिया क्योंकि उनमें अंत:करण को छू लेने की अद्वितीय क्षमता थी। ओशो कहते हैं–**''नानक ने परमात्मा को गा–गाकर पाया। गीतों से पटा है मार्ग नानक का। नानक ने न योग किया, न तप किया, न ध्यान किया। लेकिन गाया उन्होंने इतने प्राण से कि गीत ही ध्यान हो गये, गीत ही योग हो गये, गीत ही तप हो गये। नानक की साधना अभिप्सा, प्यास व समग्रता की साधना है। वह बाहरी रूढ़ियों या कर्मकाण्ड पर नहीं टिकी हुयी।''**

गुरूनानक सहित सभी सिख गुरूओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत की अपार समझ थी जिस कारण गुरू ग्रंथ साहिब की पूरी वाणी को उपयुक्त रागों में निबद्ध किया गया ताकि आध्यात्मिक संदेश संगीत के संग घुल कर आत्मा को शान्ति व आनंदमय शीतलता प्रदान कर सके। गुरूनानक ने प्रकृति और पर्यावरण को सम्मान देते हुए (जो आज अत्यन्त प्रासंगिक है) अपनी वाणी में कहा **''पवण गुरू, पाणी पिता, माता धरति महतु''** अर्थात् हमारा अस्तित्व, हमारी समस्त इंद्रियां व शब्द पवन से ही उत्पन्न होते हैं अत: पवण गुरू है।

देश की उस समय की परिस्थिति व बाहरी हमलावरों द्वारा किये जा रहे अत्याचारों पर शासकों से बगैर डरे गुरूनानक ने ही गत 2000 वर्षों में पहली बार भारत के लिये हिंदुस्तान शब्द का उपयोग करते हुये अपनी वाणी में कहा–''खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराइआ, आपै दोसु न देई करता जमु कर मुगल चड़ाइआ, एती मार पई करलाणै तैं की दरद न आइआ''। अर्थात्–खुरासान से आये हुये आक्रान्ताओं के अत्याचार से देश के लोग डरे हुये व पीड़ित हैं और हे ईश्वर आपको जनता के दर्द का अहसास क्यों नहीं हो रहा? नारी को बराबरी व सम्मान देना गुरू नानक का समसामयिक संदेश था। समाज में सती प्रथा, पर्दा प्रथा व जन्म के समय ही कन्या हत्या की कुरीतियां व कुप्रथाऐं प्रचलित थी। कन्या के जन्म को अभिशाप माना जाता था। नानक ने इसका विरोध करते हुये कहा– ''सो क्यूं मंदा आखिये जित जमै राजान्'' अर्थात् उस स्त्री को तुम हीन कैसे कह सकते हो जो राजाओं, महाराजाओं और मनीषियों को जन्म देती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति या परिवार अपनी नवजात जन्मी कन्या की हत्या करता है उसके साथ बेटी और रोटी का रिश्ता मत रखो। सिख परम्परा में गुरूनानक का विशिष्ट, विलक्षण व अद्वितीय स्थान है इसलिये बाद के नौ गुरूओं को क्रमश: दूसरा, तीसरा, चौथा... दसवां नानक कह कर सम्बोधित किया जाता है। इसी परम्परा के दसवें नानक अर्थात् गुरू गोबिन्द सिंह जी ने गुरू ग्रन्थ साहिब का संकलन करके सिखों को इस ग्रन्थ को ही भविष्य में अपना साक्षात् ग्यारहवां गुरू मानने का निर्देश दिया। दिनकर जी अपने ग्रन्थ ''संस्कृति के चार अध्याय'' में लिखते हैं कि गुरूनानक की सबसे बड़ी शिक्षा यह थी कि–परमात्मा विश्व के कण–कण में व्याप्त है।

इसलिये निखिल सृष्टि को ब्रह्ममय समझकर प्रणाम करो। गुरूनानक द्वारा प्रारम्भ सिख परम्परा शुरू से ही प्रगतिशील रही तथा इसमें जातपात, ऊँच–नीच, सती प्रथा, पर्दा प्रथा, शराब और तम्बाकू का वर्जन किया गया। उर्दू व फारसी के प्रसिद्ध शायर डॉ. मोहम्मद इकबाल ने गुरूनानक के संदेश का मूल्यांकन करते हुये कहा था– ''फिर उठी आखिर सदा तौहीद की पंजाब से हिंद को इक मर्दे कामिल ने जगाया ख्वाब से'' पचास साल पहले डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने गुरूनानक को स्मरण करते हुये लिखा था– ''पाँच सौ वर्ष बीत गये। भारत वर्ष के विशाल आकाश के नीचे न जाने कितनी घटनाऐं घटी, धरती को न जाने कितनी बार रक्त से सिक्त होना पड़ा, अन्याय और शोषण ने न जाने कितने तांडव किये, पर नानक के प्रकाश की कार्तिकी पूर्णिमा का चांद अपनी स्निग्ध शोभा उसी प्रकार बिखेर रहा है, नानक की पवित्र वाणी इतनी ही स्निग्ध ज्योति विकीर्ण कर रही है। उतरो महान गुरो एक बार और उतरो। हम आपकी ऊँचाई तक नहीं पहुँच रहे हैं। आज भी मनुष्य की क्षुद्र अहमिका विक्षिप्त नर्तन कर रही है, आज भी भय और लोभ की आशंका और तृष्णा की धमा चौकड़ी व्याप्त है। एक बार और आओ, रक्षा करो मनुष्येत्तर की, धर्म की, सत्य की। बड़ी आशा और विश्वास से हम आपका स्मरण कर रहे हैं। जय हो आपकी अमर वाणियों की, जय हो आपकी शरणागीत की, जय हो आपकी निर्मल पवित्र स्मृति की, जय हो, जय हो।'' जब देश गुरूनानक देव जी का 555वाँ प्रकाश पर्व मना रहा है तो डॉ. द्विवेदी के ये उदगार वास्तविक रूप से उतने ही प्रासंगिक हैं।

**–जसबीर सिंह,**
**पूर्व अध्यक्ष राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग व राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच**

# वासुदेव देवनानी ने इंडोनेशिया के लोगों से संवाद किया

- भारत और इण्डोनेशिया के सांस्कृतिक एवं वाणिज्यिक संबंध प्रगाढ़ : देवनानी
- ''रामायण व महाभारत की कहानियां इण्डोनेशियाई लोक कला का स्त्रोत''



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बाली में भारत और इण्डोनेशिया के लोगों को संबोधित किया।

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सिंगापुर रवाना होने से पहले बाली में भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित समारोह में भारत और इण्डोनेशिया के लोगों को संबोधित किया। वहां लोगों ने देवनानी का सम्मान किया।

देवनानी ने कहा है कि भारत और इण्डोनेशिया के मध्य साझा सांस्कृतिक विरासत होने के साथ व्यापारिक संबंध भी प्रगाढ़ हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में सांस्कृतिक व वाणिज्यिक संबंध की घनिष्ठता बहुत समय से है। रामायण व महाभारत की कहानियां इण्डोनेशिया में लोक कला व नाटकों का स्त्रोत है। देवनानी ने कहा कि साझा सांस्कृतिक विरासत, औपनिवेशिक इतिहास और राजनैतिक सम्प्रंभुता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर एकीकृत प्रभाव डालते हैं। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय संबंधों में एक नये युग की शुरूआत हुई है। नई व्यापक रणनीतिक साझेदारी से विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के मध्य नियमित रूप से संसदीय आदान–प्रदान भी होते हैं। देवनानी ने कहा कि रामायण व महाभारत की कहानियां इंडोनेशिया में नाटक व लोक कला का स्त्रोत है। यहां भारतीय संगीत, नृत्य कला के साथ–साथ योग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत के अनेक ग्रंथों पर यहां सांस्कृतिक शोध होता है। भारतीय संस्कृति व चिंतन यह रचा–बसा हुआ है। देवनानी के सम्मान में बाली में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देवनानी का काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया शशांक विक्रम ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। देवनानी ने दूतावास का अवलोकन किया और अधिकारियों से परिचय लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में जागरूकता अभियान का आयोजन




पुष्कर मेले में बाल विवाह और महिला हिंसा जैसे मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुये।

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के ''हर वॉइस : स्टॉप वायलेंस अगेंस्ट वीमेन'' परियोजना के तहत इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेले में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की भीड़ में बाल विवाह और महिला हिंसा जैसे सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया, जिसमें लोगों की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाने का उद्देश्य था।

पुष्कर मेले में आयोजित इस अभियान के दौरान विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे रोड शो, हस्ताक्षर अभियान, ऊँट गाड़ी पर जागरूकता संदेश प्रसारित करना, और ''माय सेल्फी'' जैसे फोटो अभियान जिसमें पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने बाल विवाह और महिला हिंसा के खिलाफ अपने समर्थन का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के प्रतिनिधियों चंदू गिरी गोस्वामी, मंजू मेघवंशी, तोताराम उदयवाल, सुरभि कलोसिया, और सुमन मेघवंशी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**धर्मेंद्र राठौड़ ने पुष्कर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया : -** पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मेले में पशु नस्ल को करीबी से देखा। उन्होंने अश्व और गोवंश नस्ल को देख कर पशुपालक से बातचीत की। बातचीत कर उनके व्यवसाय और मेले के दौरान मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। राठौड़ ने पशु पालन विभाग के ज्वॉइन डायरेक्टर डॉक्टर सुनील घीया से मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

इस दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज मैने पुष्कर मेला क्षेत्र में पशु नस्ल को देखा और पशुपालकों से बातचीत कर उनसे सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले में देश विदेश के पर्यटकों और पशुपालकों के लिए राज्य सरकार ने जो व्यवस्थाएं की है, वो फिलहाल ठीक नजर आई है। पुष्कर के ही जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# माशिबो में परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति की बैठकें शुरू

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में वर्ष 2025 की परीक्षाओं के लिए केन्द्र निर्धारण समिति की बैठकों का दौर बुधवार से शुरू हो गया। बैठकें 28 नवम्बर तक चलेंगी। पहले दिन बारां, उदयपुर व सलूम्बर की बैठक आयोजित की गई।

बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि आगामी वर्ष 2025 मंय होने वाली सैकण्डरी व सीनियर सैकण्डरी बोर्ड परीक्षा के लिए केन्द्र निर्धारण समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन बारां, उदयपुर व सलूम्बर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारियों की ओर से 15 सुझाव प्रस्तुत किए गए। इन सुझावों में परीक्षा केन्द्रों में बदलाव, समायोजन एवं अन्य सुझाव शामिल थे। बोर्ड का प्रयास है कि किसी भी जिले में परिक्षार्थी को परीक्षा देने के लिए 10 किलोमीटर से ज्यादा सफर तय नहीं करना पड़े। इस दूरी के भीतर ही परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र हो। एक परीक्षा केन्द्र पर सैकण्डरी के 80 एवं उच्च माध्यमिक के कम से कम 40 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हों।बैठक में मुख्य परीक्षा नियंत्रक राजेश निर्वाण, उप निदेशक गीता पलासिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 19 को

**जालोर**, (कासं)। लॉयंस क्लब जालोर के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 19 नवंबर को किया जाएगा। क्लब सचिव दीपेश सिद्धावत ने बताया कि शिविर श्रीआदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल एवं ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र जालोर व फतेह कल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट जालोर के सौजन्य से सोहनराज कल्याणमल बोहरा की 26वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शिविर श्री राजेंद्रसूरि जैन दादावाडी ,जालोर नागरिक बैंक के पास आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष लायन कालूराज मेहता ने बताया कि शिविर का समय सवेरे 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। जांच और उपचार के लिए मरीज को आधार कार्ड अपने साथ लाना होगा। वहीं जांच के बाद ऑपरेशन योग्य मरीजों का केशवना रोड स्थित श्रीआदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाएगा!

### बाल दिवस पर संगोष्ठी आज

**जैसलमेर** । जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर द्वारा स्वतंत्रता सेनानी, देश के प्रथम प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती बाल दिवस पर गुरुवार 14 नवम्बर को प्रात: 10.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय जैसलमेर में आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू का दृष्टिकोण और योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर के प्रवक्ता रुधदान झीबा ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर के अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर की अध्यक्षता में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी गुरुवार 14 नवम्बर को प्रात: 10.30 बजे कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जायेंगीं,संगोष्ठी से पहले पंडित नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी जिसमें ज़िला कांग्रेस पदाधिकारीयों जनप्रतिनिधियों सहित समस्त कांग्रेसजन शामिल होंगे ।

### गणेश भक्त मंडल की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। गणेश भक्त मण्डल एवं सारणेश्वर महादेव मण्डल जालोर के तत्वावधान में आयोजित बैठक में खाटू श्याम बाबा की 51 दीप आरती विशेष आयोजन रखा गया। तरुण त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महाआरती के साथ महाप्रसादी का भी आयोजन रखा गया इसी के साथ गणेश भक्त मण्डल पूरा मोहल्ला की महिला सदस्य द्वारा भजन संध्या का आयोजन रखा गया। जिसमें महिलाओं द्वारा एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर गणेश भक्त मण्डल के अध्यक्ष तरुण त्रिवेदी सारणेश्वर महादेव मण्डल के अध्यक्ष मुन्ना महाराज, मनोहर माली, कमलेश वैष्णव देवेंद्र सोनी, जितेंद्र सोनी, संदीप खत्री, मोंटू, लक्ष्मण प्रजापत, नंदकिशोर सोनी, एवं मोहल्ला के समस्त भक्त मौजूद रहे। महाआरती का संपूर्ण कार्यक्रम मुन्ना महाराज ने पूरे विधि विधान से सम्पन्न करवाया।

### भोजनशाला का छज्जा गिरा, दो की मौत

**बालोतरा**, (निसं)। निकटवर्ती पचपदरा में ओसवाल समाज की भोजनशाला में हुए हादसे में दो लोगों की जान चली गई है। मृतकों की पहचान श्रीराम राजपुरोहित और मिठूसिंह राजपुरोहित के रूप में हुई है। यह हादसा भोजनशाला के छज्जे के गिरने से हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एएसपी गोपाल सिंह भाटी और डीवाईएसपी अनिल पुरोहित सहित पुलिस का एक दल मौके पर पहुंचा। मृतकों का पोस्टमार्टम अभी तक नहीं हुआ है।

### खाद्य पदार्थों के 20 सैंपल लिए

**जैसलमेर** /जिले में पर्यटन सीजन एवं शादियों के सीजन के मद्देनजर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा डॉ. बी एल बुनकर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रवीण चौधरी ने शहर में मिलावट के संदेह के आधार रेस्टोरेंट एवं किराणों की दुकान पर घी, तेल, पनीर, दही, मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, सूजी, नमकीन, शुगर बॉयल्ड कन्फेक्शनरी, टॉफी, चॉकलेट इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 20 सैंपल लिए तथा लगभग 25 किलो संदूषित पके हुए चावल एवं पोहे का नष्टीकरण कराया गया। संदेश आधार पर लिए गए सभी फूड सैंपल को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर भेजा जाएगा और वहां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### देवली उनियारा उपचुनाव के दौरान

**जैसलमेर** । विधानसभा क्षेत्र देवली उनियारा मैं उपचुनाव के दौरान राजकीय कर्तव्य दायित्व निर्वहन करते हुए उपखंड अधिकारी अमित चौधरी के साथ निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के द्वारा थप्पड़ मारपीट की घटना का अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जैसलमेर अध्यक्ष भंवरलाल गर्ग कड़ी निंदा करता है। महासंघ जैसलमेर अध्यक्ष भंवरलाल गर्ग ने बताया कि इस घटना से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।मुख्यमंत्री से निवेदन है किआरोपी को तुरंत गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जोधपुर आयेंगे

**जोधपुर**, (कासं)। शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर गुरूवार को जोधपुर आयेंगे। कार्यक्रमानुसार मदन दिलावर गुरूवार, 14 नवंबर को प्रात: 1.50 बजे (मध्यरात्रि) जोधपुर पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे गुरूवार, 14 नवंबर प्रात: 9 बजे पीपाड सिटी में सर्व धर्म संत सम्मेलन कार्यक्रम तथा नवनिर्मित गुरूकृपा कबीर आश्रम व नगरपालिका द्वारा निर्मित सड़कों के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि 8 बजे जोधपुर पहुंचकर रात्रि 8.30 बजे ट्रेन से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जस्टिस मूलचन्दानी आयेंगे जोधपुर

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी शनिवार को जोधपुर आयेंगे। जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी शनिवार, 16 नवंबर को प्रात: 11 बजे जयपुर से जोधपुर पहुंचेंगे तथा 12 बजे मथुरादास माथुर चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस जोधपुर में करेंगे तथा रविवार, 17 नवंबर को प्रात: 11 बजे सोजत रोड, पाली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अनाज की पैकिंग फैक्ट्री में लगी आग

**पाली**, (निसं) । पाली में मंगलवार देर शाम को एक अनाज की पैकिंग फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की लपटों से पूरी फैक्ट्री घिर गई। फैक्ट्री में हजारों टन अनाज पड़ा हैं। सूचना पर फायर बिग्रेड की एक के बाद एक 10 गाड़ियां पहुंची। रात करीब 12 बजे आग पर काबू पाया जा सका। आग से मुंगफली, तिल, रायड़ा, मैथी, जीरा, सौंफ, अजवाइन आदि का स्टॉक रखा था। आग से गोदाम में रखा सारा माल और सोलर प्लेंट, मशीनें जल गई।जानकारी के अनुसार पाली शहर के औद्योगिक थाना एरिया के 4 फेज इंडस्ट्रियल एरिया में महावीर चौपड़ा की एवन प्रोटीन नाम से एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट है।मंगलवार देर शाम करीब 8 बजे फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री से धुआं उठता देख लोगों ने फैक्ट्री मालिक को जानकारी दी, जिसके बाद

■ **8 गाड़ियों के 25 फेरो के बाद आग पर पाया काबू**

वे तुरंत मौके पर पहुंचे। सूचना पर दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। आग के विकराल रूप को देखते हुए मौके पर और दमकल बुलाई गई। अनाज की बोरियां और जूट के बारदान से आग ने विकराल रूप ले लिया। शहर की 6 दमकलों से काबू नहीं हुई तो सोजत, सुमेरपुर और बाली से भी एक-एक दमकल मंगवाई गई। गनीमत रही कि पास ही स्थित रिफाइनरी तक आग नहीं पहुंचीं, जहां बड़ी मात्रा में तेल के ड्रम रखे हुए थे।

**जेसीबी बुलाकर तुड़वाया लोहे के टिनशेड ओर दीवार :** फूड प्रॉडक्ट फैक्ट्री में लगी आग के दौरान फैक्ट्री की दीवार के किनारे लोहे के टिनशेड लगे हुए थे। इसके चलते दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद जेसीबी बुलाई गई और टिनशेड ओर दीवार को तुड़वाया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने गाड़ियों पर खड़े होकर आग पर काबू पाया।

**आग बुझाने के लिए मंगवाई बॉल व गैस सिलेंडर:** धीरे- फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री में लगी आग का विकराल रूप देखकर फैक्ट्री संचालक ने आग बुझाने की बॉल के साथ गैस के सिलेंडर मंगवाए। दमकल कर्मी आग के बीच बॉल फेंकते हुए भी दिखे। कई युवक सिलेंडर कंधों पर रखकर आग के बीच भागते हुए नजर आए। आग की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में उद्योगपाि भी मौके पर मौजूद रहे।

## बाबा प्रकाशपुरी आश्रम में शिवलिंग की स्थापना की

**जोधपुर**, (कासं)। चांदपोल तापडिया कुंआ के पास स्थित अनिश्चितकालीन अखण्ड रामायण पाठ स्थल बाबा प्रकाशपुरी आश्रम में बुधवार को आयोजित कार्यक्रमों में पंडित जाग्रत जोशी पंडित कपिल जोशी के सानिध्य में शिवलिंग की स्थापना की गई। तत्पश्चात् रुद्राभिषेक के नमका चमका द्वारा सस्वर रूद्र की ऋचाओं का पाठ किया गया एवं आश्रम के सेवादार संत सतीश पुरोहित की समाधि पूजन व बाबा की चरण पादुका का पूजन व संत भंडारा किया गया। संत रूकमणपुरी महाराज ने अपने उद्बोधन में कार्तिक मास का महत्व बताते हुए कहा कि यह मास दान पुण्य के लिए सबसे उत्तम मास है, उन्होंने कहा कि इस माह में तुलसी, आंवला, पीपल एवं बेलपत्र के पौधे लगाने से धर्म लाभ प्राप्त होता है तथा पर्यावरण शुद्ध रहता है।

# लूणी जंक्शन पर खड़े कैंपिंग कोच में लगी आग

**जोधपुर**,(कासं)। शहर के निक टवर्ती लूणी जंक्शन पर ट्रैक पर खड़े कैंपिंग कोच में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे ऊंची उठने लगी। वहां मौजूद रेलवे स्टाफ ने ट्रैक पर कोच को धकेलते हुए दूर ले गए ताकि कोई नुकसान न हो। मौके पर फायर ब्रिगेड को सूचित किया मौके पर तीन फायर स्टेशन से तीन दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की।

दरअसल ट्रैक पर कैंपिंग कोच खड़ा था जिसमें रेलवे के इंजीनियर खाना बना रहे थे उस दौरान हादसा हुआ और गैस की टंकी में आग लगी। आग कोच में रखे सामान ने पकड़ ली। तेज लपटों व धुएं से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की वहीं कोच में गैस का अन्य सिलेंडर भी होने से धक्का लगाकर कर कोच को दूर किया गया। डीआरएम पंकज कुमार ने बताया कि रेलवे का कंडम कोच यार्ड में था। यार्ड में पड़े कंडम कोच में आग लगी है। कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआहै।

**ट्रेन कोच जलकर हुआ खाक:** लूणी रेलवे स्टेशन के पास प्लेटफॉर्म समाप्त होते ही अतिरिक्त लाइन में ट्रैक मशीन पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए तीन कोच खड़े थे जिसमें से एक कोच में दोपहर करीब 2.45 बजे के बाद अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही आरपीएफ जीआरपी व रेलवे कर्मचारियों को ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझते देख सभी लोगों ने उसे कोच को दूसरे कोच से धक्का देकर दूर कर दियाञ उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड करीब डेढ़ घंटे के बाद मौके पर पहुंची तब तक कोच पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया।

# रक्तदान शिविर में 75 यूनिट बल्ड डोनेट कराए

**पाली** । चाणोद गांव मे स्थानीय कस्बे के राजकिय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर बुधवार को आयोजित किया गया मोर्चा युवा नेता मनीष जावा ने बताया कि हर जगह रक्तदान कैंप के लिए लोगों को आग्रह कर रहे हैं कि और आप अपने गांव में रक्तदान कैंप लगाए और खुद करें और किसी और को भी रक्तदान करने का आग्रह करें मंच संचालक के रूप में विक्रम जी घाणेराव द्वारा संबोधित किया चाणोद गांव से रक्तदान कैंप बीड़ा उठाया रमेश कुमार रेगर सुरेश मीणा ओम भाई मेघवाल अमजद खान प्रकाश मीणा पप्पू मीणा दिनेश आदिवाल आदि द्वारा रक्तदान कम की तैयारी में जुटे और कैंप को भव्य रूप से 75 यूनिट रक्तदान करवाकर भव्य रूप से आयोजित किया हमारे विशेष मुख्य अतिथि गांव से महिराज सिंह जी मेड़तिया करण सिंह जी पीसीबी अध्यक्ष सुमेर सिंह जी मनवार चौधरी मोर्चा जिला प्रवक्ता मनीष जावा जीतू बोथरा के सानिध्य में रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ कई गांव लोग आगे बढ चढकर इस कैंप का हिस्सा लिया और जनप्रतिनिधि द्वारा और भामाशाह द्वारा टीम को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया और पाली की टीम का बहुत ही धन्यवाद दिया

इस मौके पर महिराज सिंह मेड़तिया करण सिंह मेड़तिया पीसीबी अध्यक्ष सुमेर सिंह जी मनवार पूर्व सरपंच शंकर लाल जी सुथार चौकी प्रभारी मोडाराम चौधरी प्रेम सिंह जी भीमाराम जी महावीर सिंह जी देवड़ा प्रेम सिंह जी भीमाराम महावीर सिंह देवड़ा लक्ष्मण सिंह जी सरदाराम जी पर्वत सिंह जी चौहान भोजपुरी अरविंद राठौड़ जीतू भाई बोथरा दिलीप चनाल कई लोग मौजूद रहे

## ट्रक चालक की लापरवाही ने ली बाइक सवार की जान

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के डीजल शेड पर सोमवार की देर रात बाइक सवार एक युवक को किसी ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। बासनी पुलिस ने बताया कि भगवान महावीर कॉलोनी हड्डी मिल बासनी निवासी भंवरलाल पुत्र कलाराम मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 11 नवंबर की रात्रि के समय डीजल शेउ गेट के सामने किसी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार उसका पुत्र दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिस पर उसे राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। बासनी पुलिस ने बताया कि शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया है।

# बिजली पानी की समस्याओं को लेकर विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए

**पोकरण**, ( निसं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने उपखंड कार्यालय सभागार में विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों कि बैठक लेकर बिजली पानी की समस्याओं के अति शीघ्र निवारण करने एवं एक दूसरे के विभागों पर आरोप प्रति आरोप नहीं लगाकर जनता की सेवा करने का कहा।

■ **पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने उपखंड कार्यालय सभागार में विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों कि बैठक लेकर बिजली पानी की समस्याओं के अति शीघ्र निवारण करने कहा**

विधायक महंत प्रताप पुरी ने ग्रामीण क्षेत्रों मेंबिजली की समस्याओं पर विद्युत वितरण निगम केअधिकारियों से कहा कि खेती कार्य में कटाई एवं बुहाईका कार्य चल रहा है, वहीं विद्युत की कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या के चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करनापड रहा है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी हो रही है। वही पानी की समस्याओं को लेकर के अधिकारियों की क्लास लगाते हुए फटकार लगाई की पानी का पर्याप्त भंडार होने के बाद भी कोकण शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सप्लाई समय पर क्यों नहीं की जा रही है ।पानी की समस्याओं को लेकर के कई बार अवगत कराने के बाद भी पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। विधायक महान प्रताप पुरी ने अपने उद्बोधन के दौरान कहां कि विद्युत एवं जनता विभाग के अधिकारी विधायक के पात्र को नजरअंदाज करते हुएजन समस्याओं को लेकर के विधायक कार्यालय के द्वारा बिजली पानी की समस्याओं की जानकारी लिखित में अधिकारियों को देने के बाद भी आखिर क्यों नहीं करते समस्या का समाधान, उन्होंने अधिकारियों को खरी-खरी बैठक के दौरानसुनाई, विद्युत एवं पेयजल समस्या के अधिकारियों की बैठक की जानकारी की सूचना समय पर नहीं मिलने के कारण विभिन्न पंचायत के सरपंच एवं वार्ड पंचों व आम जनता की उपस्थित कम रही।

बैठक में उपखंड अधिकारी प्रभोतसिंह गिल, तहसीलदार नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पंचायत समिति प्रधान भगत सिंह तंवर, समन्दर सिंहरामदेवरा सरपंच, भाजपा युवा नेता नारायण सिह तवर,भाजपा नेता मदन सिंह, जसवंत सिंह, सहित कई भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवीन भवन के निर्माण कार्य में आई लापरवाहियां सामने, कंपनी के खिलाफ केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट नया परिसर में आए दिन भवन के जर्जर होकर टूटने की घटनाएं सामने आती रही है। जर्जर होकर टूटने को लेकर अब निर्माण करने वाली कंपनी पर केस दर्ज करवाया गया है। कुड़ी भगतासनी पुलिस की तरफ से इसमें अनुसंधान आरंभ किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट ऑफिसर शरद जोशी ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के नवीन भवन का निर्माण कार्य झालामंड, जोधपुर में आरएसआरडीसी, लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008 में प्रारंभ किया गया। दिसम्बर, 2019 में भवन का कब्जा राजस्थान उच्च न्यायालय को सुपुर्द किया गया था। भवन के सपूर्ण निर्माण कार्य की लागत 220 करोड रूपये आयी थी तथा कब्जा सुपुर्दगी के उपरांत से ही आरएसआरडीसी द्वारा इसका रखरखाव का कार्य भी किया जा रहा है, जिसके लिए 220 लाख रूपये प्रतिवर्ष बजट का प्रावधान है। शरद जोशी की तरफ से कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों पर लापरवाही बरते जाने को लेकर केस दर्ज करवाया है। रिपोर्ट के अनुसार यह घटनाएं हो चुवी 20 फरवरी 2023 को शाम 06.05 बजे चेम्बर नं. 14 की छत गिर गई, जिससे चेम्बर की फॉल्स सिलिंग और अन्य फर्नीचर क्षितग्रस्त हो गए। इससे पूर्व कोर्ट न. 02, 09. 16 एवं चेम्बर न. 16 और परिसर में विभिन्न स्थानों पर इसी तरह की घटनाएं घटित हो चुकी थी। 29 अप्रेल 2023 को डोम एरिया की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। 23 जून 2023 को सिविल विविध अपील अनुभाग एवं 28 जून 2023 को बिल अनुभाग की छत का, 12 सितंबर 2024 को बारिश के कारण न्यायालय कक्ष सं. 02 में छत से पानी टपकने के कारण व न्यायालय कक्ष प्लास्टर उखडकर गिरने के कारण फाल्स सिलिंग भी गिर गई। । कोर्ट संख्या 16 में छत व खिडक़ी से पानी अंदर आने के कारण न्यायालयों का नियमित कार्य रोका गया तथा न्यायालयों को अन्य न्यायालय कक्षों में स्थान्तरित किया गया। सितम्बर माह, 2024 में ही लेखा (संस्थापन्न) शाखा में फॉल्स सिलिंग का जिप्सम बोर्ड गिर गया। वहीं 12 सितंबर 2024 को न्यायालय कक्ष सं. 19 की छत से पानी के रिसाव के कारण फॉल्स सिलिंग में पानी भर गया फॉल्स सिलिंग गिर गई। 18 सितंबर को 2024 को प्रात: न्यायालय कक्ष स. 02 में भीषण आग लग गई जबकि एक दिन पूर्व ही आरएसआरडीसी द्वारा इस तथ्य का प्रमाण पत्र दिया गया था कि न्यायालय कक्ष संख्या 02 उपयोग में लिए जाने के योग्य है। जबकि 24 सितंबर 2024 को भूतल पर स्थित गेट सं. 03 पर मीडियेशन सेन्टर के सामने स्थित लिफ्ट के पास छत गिर गई

इन घटनाओं के अतिरिक्त भवन का कब्जा लिये जाने के पश्चात् अल्प समय में ही भवन के न्यायालय कक्ष सं. 02,09,16 व 19, न्यायाधीश चैम्बर स. 14 व 16. लोक अदालत के सामने सहित भवन के डोम, कई सेक्शनों व क्षेत्रों की छत गिर चुकी है।

**भवन में कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ा पड़ा:-**

पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार भवन में कई स्थानों का प्लास्टर उखड़ा हुआ है तथा सरिये फूल रहे हैं। ऑडिटोरियम के सर्किल में स्थित पिलर फूल गया है तथा भवन के कई पिलरों ने अपनी जगह छोड़ दी है। भवन के अधिकाश कॉलम का प्लास्टर उखड़ गया है तथा सरिये गल गए हैं। पूरे भवन के जमीन पर लगाई गई ग्रेनाईट टाइल्स व अन्य टाइल्स बेतरतीब तरीके से लगी हुई है तथा अधिकतर स्थानों पर टाइल्स उखड़ चुकी है या जमीन में प्रयुक्त सामग्री के कारण फूल चुकी है। इसी तरह दीवारों पर लगी टाइल्स की स्थिति है। आरोप है कि आरएसआरडीसी लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप भवन निर्माण का कार्य नहीं करवाया गया।इसके अलावा 18 सितंबर को हुई आगजनी में निरीक्षण में यह पाया गया कि भवन में स्थापित फॉयर सेफ्टी सिस्टम क्रियाशील नहीं है। कंपनी द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं करते हुए दोषपूर्ण निर्माण कार्य करवाया गया है।

## साहित्य संगम की गोष्ठी का आयोजन

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था 'साहित्य संगम' की ओर से मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेठ श्री रघुनाथदास परिहार धर्मशाला के सभागार में किया गया। गोष्ठी के शहर के प्रमुख रचनाकारों ने कविताओं के माध्यम से जिन्दगी के मौजूदा हालात और मुहब्बत के विभिन्न रंगों की बानगी प्रस्तुत की।गोष्ठी के प्रारम्भ में संस्था के संस्थापक मदन मोहन परिहार की लघु कविताओं की प्रस्तुति देकर उन्हें याद किया गया। प्रारम्भ में सुप्रसिद्ध गीतकार दिनेश सिंदल ने सुरीले कंठ से प्रेम को परिभाषित करते हुए नए अंदाज में गजल 'एक फूल की बू तो किसी का रंग भाया है, तुझे इक मुश्त खो बैठा, मगर किश्तों में पाया है....', सैयद मुनव्वर अली ने इंसान की इच्छा शक्ति को जागृत करती कविता 'तुम्हारे जिस्म में हाथ सिर्फ दो ही नहीं हैं, दो हाथों से जुड़े हैं हजारों बंधे हुए हाथ पूर्णिमा जायसवाल 'अदा' ने गजल 'जलाया दीप तो खुद की ही खातिर, जहां रोशन को करता जा रहा है' पेश कर दूसरों के प्रति समर्पण की भावना को अभिव्यक्त किया।इसके अलावा अशफाक अहमद फौजदार ने दौलत के खातिर जमीर बेचने वालों पर तंज कसते हुए गजल 'लोगों ने दौलत के वास्ते क्या-क्या नहीं किया, मैंने तो अपने जमीर का सौदा नहीं किया , राजेन्द्र खींवसर ने 'आती है जब भी जगमगाती रोशनी त्यौहारों की', गोष्ठी में वरिष्ठ कवि नवीन बोहरा 'पंछी' सहित कई सुधि श्रोताओं की उपस्थिति रही।

# जिला कलैक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणो की समस्याएं सुनी


**जालोर**, (कासं)। राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने बुधवार को जालोर जिले के निष्क्रमणीय पशु राजकीय आवासीय विद्यालय हरियाली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। औचक निरीक्षण के दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनकर प्रधानाचार्य को अभिभावकों की नई कमेटी गग्रित कर हर तीन माह में बैठक आयोजित कर नियमित रूप से समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आहोर उपखण्ड अधिकारी व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को प्रतिमाह विद्यालय का निरीक्षण कर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए बच्चों द्वारा बताई गई समस्याओं का आगामी दस दिनों में समाधान करने की बात कही। राज्य मंत्री ने आवासीय विद्यालय में भोजन एवं सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए संबंधित संवेदक को पाबंद किया तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को सीवरेज मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के हरियाली स्थित आवसीय विद्यालय पहुँचने पर अभिभावक लुम्बाराम देवासी, प्रागाराम, सालुराम, गोपाल, नरपत मानाराम आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं के संबंध में अवगत करवाकर उनके समाधान की बात कही।

## दुकान पर आई महिलाएं पायजेब जोडिय़ां की चोरी की

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पीएफ कार्यालय के नजदीक शंकर नगर में आई एक ज्वैलरी शॉप पर खरीददारी के बहाने आई महिलाएं पायजेब की जोडिय़ां चोरी कर ले गई। घटना 5 नवंबर की है और पुलिस में इस बाबत अब केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से पायजेब चोरी करने वाली महिलाओं की पहचान के साथ तलाश में जुटी है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी वैष्णव नगर रामद्वारा के पास रहने वाले दीपक गोयल पुत्र देवकिशन गोयल की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी पीएफ ऑफिस शंकर नगर 80 फीट रोड पर ज्वैलरी की दुकान आयी हुई है। जहां पर 5 नवंबर को ग्राहक बनकर आयी कुछ महिलाओं ने चांदी की पायजेब दिखाने का कहा। उसने उनको पायजेब दिखाई। इसी बीच उसको बातों में उलझा कर कुछ जोड़ी पायजेबें चुरा ले गई। बाद में उसको इसका पता लगा।

# तुलसी गौशाला की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**जैसलमेर** । मूल सागर स्थित तुलसी गोवर्धन निधि संस्थान द्वारा संचालित तुलसी गौशाला में देवउठनी ग्यारस के पावन पर्व पर संस्था की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व गौशाला प्रांगण में स्थापित कामधेनु धाम मंदिर में गौ माता की पूजा एवं आरती की गई , तत्पश्चात गौशाला के मेडिकल वार्ड में भर्ती विकलांग एवं घायल गोवंश की पूजा अर्चना की गई । उसके बाद गौशाला में आए हुए सभी गौभक्तों द्वारा वृहत दीपमाला का आयोजन किया गया। दीपमाला के आयोजन के पश्चात गौशाला की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई जिसमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जैसे गौशाला में निर्मित हो रहे गोधन परियोजना के अंतर्गत बन रहे बायोगैस प्लांट का जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करवाने के लिए प्रयास करना , बायोगैस प्लांट के लिए बिना धूल के गोबर की व्यवस्था के लिए नर गौवंश के बाड़ों में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य शुरू करवाना , जिले के गंभीर रूप से घायल गोवंश , बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश के लिए वृहत स्तर पर चिकित्सालय के निर्माण की कार्य योजना को सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया जाना तथा गौशाला को की गई आवंटित भूमि को किस प्रकार से विकसित करना , निराश्रित गोवंश की समस्या से उबरने में नगर परिषद को सहयोग करने के लिए करना आदि निर्णय लिए गए इसके अलावा गौशाला में 24 घंटे चिकित्सीय सेवा की व्यवस्था करने के बारे में भी विचार किया गया जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया ।



गौशाला प्रांगण में स्थापित कामधेनु धाम मंदिर में गौ माता की पूजा एवं आरती, दीपमाला की गई।

## न्यू डायग्नोस्टिक विंग का निरीक्षण

**जोधपुर**, ( कासं)। जोधपुर संभाग के सबसे बड़े मथुरा दास माथुर अस्पताल में बुधवार को कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सबसे पहले हॉस्पिटल परिसर में तैयार न्यू डायग्नोस्टिक विंग को देखा। इसके बाद उन्होंने हॉस्पिटल की अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर के साथ मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बीएस जोधा और हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरिया मौजूद थे।मथुरा दास माथुर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरिया ने बताया- मथुरा दास माथुर अस्पताल में डायग्नोस्टिक की नई विंग बनकर तैयार हो चुकी है। जल्द ही सरकार की ओर से इसके उद्घाटन की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर कलेक्टर हॉस्पिटल पहुंचे थे और विंग की प्रोग्रेस देखी।कलेक्टर अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में सफाई व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। हॉस्पिटल के अधिकारियों ने बताया कि एमडीएम हॉस्पिटल शहर की सड़कों से नीचे है। ऐसे में सभी नालियों का पानी हॉस्पिटल में भर जाता है और गंदगी ज्यादा हो जाती है।

# पाली में 20 लाख के गहने चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**पाली** ,(निसं)। पाली में एक बंद मकान का ताला तोड़ वहां से लाखों रुपए की ज्वेलरी और केश चोरी कर ले जाने के मामले में पाली पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी इसी मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। जिसने अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। दोनों यहां मजदूरी का काम करते है। जो मूल रूप से जोधपुर के रहने वाले है। इनके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज है। रिमांड के दौरान उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए गहने और रुपए बरामद करने का पुलिस प्रयास करेगी।

सीओ सिटी देरावरसिंह सोढ़ा ने बताया कि पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी निवासी सावरलाल पुत्र मांगीलाल माली ने टीपी नगर थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि 2 नवम्बर को वह परिवार सहित चित्तौड़गढ माताजी के दर्शन करने गया था। रविवार 3 नवम्बर 2024 की सुबह करीब चार बजे घर लौटे तो उसके मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे करीब 20 तोले सोने के गहने, करीब ढाई किलो चांदी के गहने और डेढ़ लाख रुपए केश गायब मिला।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। मामले में कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए 400 के करीब पॉइंट पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। शक के आधार पर मामले में जोधपुर के बकरा मंडी सिवांची गेट (खांडा फलसा) हाल पाली के आशापुरा नगर में किराए पर रहने वाले 27 साल के अब्दुला उर्फ अब्दुल उर्फ शाहरूख पुत्र मोहम्म्द शाबिर कुरेशी और जोधपुर के बकरा मंडी सिवांची गेट (खांडा फलसा) हाल पाली केइंद्रा कॉलोनी में किराए पर रहने वाले 29 साल के सादिक उर्फ बाबू पुत्र अब्दुल गफ्फार कुरेशी को हिरासत में लिया। जिन्होंने वारदात करना स्वीकार किया। दोनों आरोपी दोस्त है और पाली में मजदूरी का काम करते है। अब्दुल के खिलाफ जोधपुर और सोजत में पहले से 5 मुकदमे दर्ज है। वही सद्दीक के खिलाफ भी एक मुकदमा पहले से दर्ज है। आरोपी नकबजनी, लूट, चोरी, वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके है।

एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीपी नगर थाने के सब इंस्पेक्टर निर्मल कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की। जिसने आरोपियों को पकड़ा। ट्रांसपोर्ट नगर थाने के कांस्टेबल जस्साराम, जितेन्द्र कुमार, श्रवण कुमार और कोतवाली थाने के कांस्टेबल जितेन्द्र बागोरा की मुख्य भूमिका रही आरोपियों को पकड़ने में। पड़ोस में ही रहत था आरोपी आरोपी सदीक इंद्रा कॉलोनी में ही किराए के मकान में रहता था। जहां चोरी की वारदात की वह उसके किराए के घर के नजदीक ही था। आरोपी ने जब देखा कि मकान पर ताला लटका हुआ है तो उसने अपने दोस्त अब्दुला को कॉल कर सारी बात बताई और दोनों ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# कडाना बेक वाटर क्षेत्र के मतदाता नाव में बैठकर मतदान करने पहुंचे

## चौरासी विधानसभा उपचुनाव में उत्साह के साथ हुआ मतदान

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की चौरासी विधानसभा सीट पर बुधवार को हुए उपचुनाव में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का कार्य संपन्न हुआ। सामान्य प्रेक्षक के. विवेकानंदन ने गैंजी, पाडली गुजरेश्वर, धम्बोला सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वतंत्र, निष्पक्ष और पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदान सुनिश्चित किया।



कडाना बेक वाटर क्षेत्र में टापू पर बसे मतदाता नाव में बैठकर मतदान करने पहुंचे।

दिन चढ़ने के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ता रहा। सुबह नौ बजे तक 10.54 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाम पांच बजे तक भारत निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप पर 68.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं कडाना बेक वाटर क्षेत्र में टापू पर बसे मतदाता नाव में बैठकर मतदान करने पहुंचे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय हेराफला (सलाखडी) में कुल पंजीकृत 524 मतदाताओं में से 366 मतदाताओं ने दोपहर एक बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की पहल पर चौरासी विधानसभा क्षेत्र में 10 इको फ्रेंडली मतदान केंद्र बनाए गए। मतदान के बाद मतदाता ईको सेल्फी बूथ पर सेल्फी लेकर अपनी खुशी का इजहार करते नजर आए। धम्बोला, सीमलवाडा, पीठ, चिखली सहित 5 स्थानों पर 10 ईको फ्रेण्डली मतदान केन्द्र बनाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान कहीं से भी कानून व्यवस्था को लेकर कोई मामला सामने नहीं आया। महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं ने भी बडी संख्या में मतदान किया।

**विवाह से पहले मतदान किया :-** लक्ष्मण लाल ताबियाड, निवासी दाद की 17 नवम्बर को शादी है और 11 तारीख को हल्दी की रस्म हुई है। हल्दी लगाए लक्ष्मण ने बूथ संख्या 224, रा.प्रा.वि कलिहारी में मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

# सलूम्बर वि.स. में 67.70 फीसदी मतदान हुआ

**उदयपुर, (कासं)।** सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं में वोट देने के लिए उत्साह देखा गया। विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत बुधवार को हुए मतदान में सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में 67.70 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि सलूम्बर क्षेत्र के 296 मुख्य व 6 सहायक बूथों पर हुए मतदान में कुल 297977 मतदाताओं में से 201739 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसमें 151547 पुरूष मतदाताओं में 101199 (66.77 प्रतिशत) तथा 146430 महिलाओं में से 100540 (68.66 प्रतिशत) ने वोटिंग की।

जानकारी के अनुसार जयसमंद झील के पास टापुओं के पास रहने वाले लोग तो नाव में बैठकर वोट अपने मतदान केंद्र तक पहुंचे। लोकतंत्र के इस उत्सव में सुविधाओं से वंचित मतदाताओं ने भी उत्साह से मतदान किया। सलूम्बर की जयसमंद झील के बीच बसे टापुओं के लोग मतदान को लेकर जागरूक नजर आए। भटवाड़ा, बाबा मंगरा, बीड़ा, मिंदोडा मंगरा, भागल मंगरी, मुडिया खेत टापू गामडी ग्राम पंचायत और पायरी व भैंसों का नामला टापू मैथूडी ग्राम पंचायत में स्थित हैं। कई टापुओं में तो लोग रियासतकाल से निवास कर रहे हैं। इन टापुओं में करीब 405 मतदाता हैं, जिसमें 220 पुरुष तथा 185 महिलाएं हैं। भटवाडा टापू में एक ही परिवार निवास करता है जहां दो महिला और दो पुरुष मतदाता हैं। टापू के लोग लकड़ी की नाव में सवार होकर मतदान सेंटर पर पहुंचे। नौकाओं से मतदान करने पहुंचे मतदाताओं ने बताया कि वे इस बार परिवर्तन के लिए मतदान कर रहे हैं। आजादी के सात दशक बाद भी हम शिक्षा, आवागमन एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं।

बच्चों को नौकाओं से ही स्कूल जाना पड़ता है। वहीं बीमारी की हालत में भी अस्पताल जाने के लिए नौकाओं का ही मात्र सहारा है। सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र के कतिला मतदान केंद्र पर कांग्रेस की प्रत्याशी रेशमा मीणा ने वोट किया। उनके साथ उनके पति भी है। सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र के भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार जितेश कटारा ने नठारा पाल मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट दिया।


**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)**
E-Mail Id:- np.sangod05@gmail.com Phone No.:-07450-294239

क्रमांकः–न0पा0सा0 / 2024 / 2975 दिनांकः–12.11.2024

**ई–निविदा–सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 2974 दिनांक 12.11.2024 के द्वारा कुल 1 कार्य की अनुमानित लागत 276.00 लाख की विभिन्न अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB11814 |

राज.संवाद / सी / 24 / 7697 — अध्यक्ष नगरपालिका सांगोद — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सांगोद



**नगर विकास न्यास, बीकानेर**
Near Collector Office, Bikaner(Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner

क्रमांकः–नविन्या / बीका / 2024–25 / 12010 दिनांक :– 07.11.2024

**ई–बिड सूचना संख्या 07– II–2024–25**

नगर विकास न्यास बीकानेर की ओर से अखिल भारतीय स्तर, न्यास एवं राजकीय विभागों में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तो आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner पर देखा जा सकता है। (UBN NO.: ITB2425WSOB00074-78)

राज.संवाद / सी / 24 / 7527 — अधिशाषी अभियन्ता–II



**Rajasthan Tourism Development Corporation Ltd.**
RTDC HOTEL KAJRI UDAIPUR (RAJ.) A Govt. of Rajasthan Undertaking Ph. 0294 2410501

No. :- HKU/2024-25/141 Date : 08/11/2024

**NOTICE FOR INVITING E-BID**


Bids are invited for the Request for proposal documents for hiring of Human Resources Services for providing Manpower on job basis for various works [For RTDC Hotel Kajri (Udaipur), Hotel Panna (Chittorgarh), Hotel Gokul(Nathdwara), Motel Ratanpur (Ratanpur), Hotel Shikhar (Mount Abu), Hotel Shilpi (Ranakpur), Light & Sound (Kumbhalgarh)] Interested bidders may submit their bids up to 2:00 PM Dated 28/11/2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in) of the state : www.rtdc.tourism.rajasthan.gov.in). UBN: TDC2425SLOB00114

Raj.Samwad/C/24/7676 — General Manager Hotel Kajri, Udaipur


# खींवसर के 75.66 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया

**नागौर, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव–2024 के दौरान खींवसर 110 विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाई। प्रातः सात बजे से सांय सात बजे तक 75.66 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ, जिसमें प्रातः 9 बजे तक 10.62 प्रतिशत, 11 बजे तक 26.67 प्रतिशत, मध्यान्ह 1 बजे तक 42.74 प्रतिशत, मध्यान्ह 3 बजे तक 58.03 प्रतिशत, सांय 5 बजे तक 71.04 प्रतिशत तथा सायं 7 बजे तक 75.66 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

- निर्वाचन क्षेत्र में 7 बजे तक 75.66 प्रतिशत मतदान हुआ



मतदान केन्द्रों के बाहर मतदाताओं की कतारें लगी रही।

जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलेक्टर) अरुण कुमार पुरोहित ने बताया कि नागौर के खींवसर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया आम तौर पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पुरोहित ने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार ग्रीन–थीम आधारित मतदान केन्द्रों को सिंगल–यूज़ प्लास्टिक से मुक्त रखा गया। इससे आम लोगों के बीच लोकतंत्र की मजबूती के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का सन्देश प्रसारित हुआ है। पुरोहित ने कहा कि कई स्थानों पर नव मतदाता एवं युवाओं ने ना केवल स्वयं मतदान किया और सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व पर वयोवृद्ध एवं महिला मतदाताओं में भी उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई। मतदान के दौरान मतदान केन्द्र के अन्दर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा से लाइव वेबकास्ट की गई, जिसके माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचन विभाग के स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है।

## मा.शि.बो. में आज अवकाश

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले में गुरूवार को पुष्कर मेले का स्थानीय अवकाश रहेगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में भी अवकाश रहेगा। बोर्ड कार्यालय अब सोमवार को खुलेगा। सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अजमेर जिले में पुष्कर मेला 2024 का सार्वजनिक अवकाश 14 नवम्बर को रहेगा। इस कारण राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में भी अवकाश रहेगा। इसके बाद सार्वजनिक व साप्ताहिक अवकाश होने के कारण बोर्ड कार्यालय अब सोमवार को खुलेगा। बोर्ड ने प्रमाण पत्र व अन्य कामकाज से अजमेर में बोर्ड कार्यालय आने वाले विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे सोमवार को आएं।

## उपराष्ट्रपति आज पुष्कर में

**अजमेर, (कासं)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरूवार को विशेष विमान से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे हेलीकॉप्टर से पुष्कर जाएंगे। धनखड़ जाट विश्राम स्थली में कार्तिक मेले पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ डॉ. सुदेश धनखड़ भी रहेंगी।

# कॉन्स्टेबल की कार से एएसआई की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** एसपी ऑफिस में तैनात एक एएसआई की कॉन्स्टेबल की कार की टक्कर से मौत हो गई। एएसआई आज सुबह वॉक के लिए पुलिस लाइन स्थित आवास से निकला था। पुलिस लाइन के नजदीक वहां से निकल रहे कॉन्स्टेबल की कार की चपेट में आ गया। एएसआई सिर में गंभीर चोटें आई। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कॉन्स्टेबल शहर के पुरानी आबादी थाने में तैनात है, जबकि एएसआई एसपी ऑफिस में काम करते थे। दोनों पुलिस लाइन में ही रहते थे। पुलिस ने मृतक पुलिसकर्मी का शव सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

- मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे एएसआई, कोटपुतली से लौट रहा था कॉन्स्टेबल

मौके पर पहुंचे जवाहरनगर थाने के हेड कॉन्स्टेबल हरजिंद्र सिंह ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे एएसआई सोहनलाल (54) पुत्र बीरबलराम मोर्निंग वॉक के लिए निकले। इसी दौरान पुरानी आबादी थाने में तैनात कॉन्स्टेबल नरेंद्र कुमार अपने होम टाउन कोटपुतली से कार में परिवार सहित लौट रहा था। नरेंद्र ने पुलिस लाइन के पास सड़क पर चल रहे एएसआई सोहनलाल को टक्कर मार दी। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। सरकारी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र अमित (25) ने दोपहर में जवाहरनगर थाने में कार की टक्कर से उसके पिता की मौत का मामला दर्ज करवाया। मृतक एएसआई सोहनलाल गांव कीकरवाली के रहने वाले थे। उनका अनूपगढ़ जिले के घड़साना में गांव दो एमएलडी में घर है। यहां एसपी ऑफिस में पोस्टिंग कारण पुलिस लाइन में रहते थे। उसके परिवार में एक बेटा, दो बेटियां और पत्नी है। बेटा अविवाहित है जबकि बेटियां शादीशुदा हैं।


**College fo Veterinary and Animal Science,Udaipur**
Navania,Vallabhnagar-313601, Udaipur (Rajasthan)
(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences)

No. F. ( )/CVAS/Purch/2024-25/87 Dated: 11th November 2024

**Notice**

**Expression of Interest for supply of Books ,Journals etc at Central Library,CVAS,Navania,Vallabhnagar-313601,Udaipur(Rajasthan)**

Dean, CVAS, Navania invites Expression of Interest(EOI) for supply of Books ,Journals etc. at Central Library,CVAS,Navania,Vallabhnagar-313601,Udaipur (Rajasthan).agencies/Individuals interested in Supplying may submit their duly filled application with complete information as required as per EOI Document. The last date for submission of bids is 28.11.2024.

Detailed Terms & Conditions for the bids are available on State Procurement Portal website http://www.sppp.raj.nic.in and University website www.rajuvas.org. The Dean, CVAS, holds right to reject one or more Bids . The Bids / Tenders not fulfilling prescribed terms & conditions or submitted after due date shall be rejected. All queries may be mailed to deancvasvbn@gmail.com or cvas902@gmail.com

**For this EOI UBN No. VAU2425GSRC00098**

Raj.Samwad/C/24/7715 — DEAN



**कार्यालय कमाण्डेंट**
**राज्य आपदा प्रतिसाद बल, राजस्थान पुलिस, जयपुर**
टेलीफोन नं. 0141-2759903 ईमेल-comdt.sdb@rajpolice.gov.in/ comdtt.sdrf.raj.jpr@gmail.com

क्रमांकः-एसडीआरएफ / क्यू/2024/995 दिनांकः- 8/11/2024

**बोली आमंत्रण सूचना**

राज्य आपदा प्रतिसाद बल को अनुमानित राशि रूपये 1,89,58,273/- के 08 नग मिनि बस के प्रदाय (Supply) करने हेतु बोली आमंत्रित की जाती है। बोली दस्तावेजों को दिनांक 7/11/2024 को सांय 06.00 बजे से विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जाकर निर्धारित दस्तावेजों के साथ दिनांक 27/11/2024 को सांय 6.00 बजे तक भौतिक रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत प्रस्तुत की जावेगी। प्राप्त बोलियां दिनांक 28/11/ 2024 को दोपहर 02 पी.एम. बजे खोली जावेगी।

राज्य आपदा प्रतिसाद बल को अनुमानित राशि रूपये 12,50,000 के 89 नग ओ.बी.एम. प्रोपलर गार्ड के प्रदाय (Supply) करने हेतु बोली आमंत्रित की जाती है। बोली दस्तावेजों को दिनांक 8/11/2024 को प्रातः 11 बजे से विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जाकर निर्धारित दस्तावेजों के साथ दिनांक 19/11/2024 को प्रातः 11 बजे तक भौतिक रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत की जावेगी। प्राप्त बोलियां दिनांक 19/11/2024 को दोपहर 12 बजे खोली जावेगी।

वैबसाईट से डाउनलोड किये गये प्रारूप की कीमत जो भी हो, बोलीदाता द्वारा बोली प्रतिभूति राशि एवं बोली प्रपत्र शुल्क चालान से ऑनलाईन ई-ग्रास (e-GRAS) सिस्टम अथवा Bankers Cheque/DD/FDR के माध्यम से जमा करवाया जाना है। बोली की मुख्य शर्ते, विवरण किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) अथवा विभागीय वैबसाईट http://www.police.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | नाम वस्तु | UBN No. | NIB CODE |
|---|---|---|---|
| 1 | मिनि बस | SDF2425GLOB00018 | SDF 2425A0008 |
| 2 | ओ.बी.एम. प्रोपलर गार्ड | SDF2425GLOB00020 | SDF 2425A0010 |

(राजेन्द्र सिंह सिसोदिया) कमाण्डेंट, राज्य आपदा प्रतिसाद बल, राजस्थान जयपुर

DIPR/C/11182/2024


# शादी में खाना खाने के बाद 26 लोग बीमार

**अनूपगढ़, (निसं)।** शादी समारोह में दुल्हन पक्ष के 26 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। सभी ने खाने में दही भल्ले खाए थे। इसके बाद उल्टी–दस्त की शिकायत होने लगी। सभी लोगों की अचानक से तबीयत बिगड़ने पर रावला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मामला अनूपगढ़ जिले की रावला मंडी में बुधवार सुबह आठ बजे का है। सूचना मिलने पर रावला तहसीलदार रामस्वरूप मीणा भी मौके पर पहुंचे।

- सभी ने खाने में दही भल्ले खाए थे, इसके बाद उल्टी-दस्त की शिकायत हुई
- सभी बीमार लोगों को रावला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया

तहसीलदार रामस्वरूप मीणा ने बताया कि रावला की कुम्हार धर्मशाला में मंगलवार रात नाई समाज की एक लड़की की शादी थी। समारोह में मेहमानों के लिए खाना बनाया गया था, जिसमें दही भल्ले बनाए गए थे, जिसको खाने के बाद 26 लोगों को बुधवार सुबह उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत हो गई। जिससे 10 महिलाएं, 7 बच्चे और 9 पुरुषों की तबीयत बिगड़ी है। सभी बीमार लोगों को इलाज के लिए रावला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

तहसीलदार ने बताया कि सभी मरीज दुल्हन पक्ष के हैं। मरीजों की हालत में काफी सुधार है और रावला के सरकारी अस्पताल में ही उनका इलाज किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। दुल्हन के रिश्तेदारों ने बताया कि बीकानेर से बारात आई थी और बारात में 120 से 150 तक बाराती शामिल थे। कुम्हार धर्मशाला में आयोजित विवाह में कुल 450–500 लोग शामिल थे। विवाह में करीब 400 लोगों ने खाना खाया था। बारात मंगलवार रात करीब दो बजे रवाना हो गई थी और वहां से मिली जानकारी के अनुसार 10 से 15 बाराती भी बीमार हुए हैं।

उन्होंने बताया कि रावला की सरकारी अस्पताल में दुल्हन के रिश्तेदार ताराचंद (30), परम (3), कविता (35), हर्ष (11), ममता (30), राधा (26), रिंकू (24), रजनी (25), सरिता (26), सुलेखा (17), लीला देवी (50), तारा देवी (2), वर्षा (22), चेतना (19), साक्षी (18), वासुदेव (10), कमला (45), भान (10), चंचल (15), ओम प्रकाश (43) भर्ती है और इसके अलावा कीर्ति (3), दिव्या (6) और सुनीता (50) सहित 3 अन्य मेहमानों का इलाज भी सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है।


**कार्यालय नगर विकास न्यास जैसलमेर**

क्रमांक :– नविन्यास / जैसल / 2024–25 / 1554 दिनांक :– 11.11.2024

**ई–नीलामी सूचना**

नगर विकास न्यास, जैसलमेर द्वारा स्वामी विवेकानन्द आवासीय योजना, जैसलमेर में 50 आवासीय एवं एस.डी.व्यास होटल कॉम्पलेक्स योजना, जैसलमेर में स्थित 8 व्यावसायिक (होटल प्रयोजनार्थ) भूखण्डों ,कुल 58 भूखण्डों की ई–नीलामी SSO ID के माध्यम से वेबसाईट https://udhonline.rajasthan.gov.in/ पर लगाई जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| S. N. | Name of Scheme | Plot No | Corner (Y/N) | Plot Size | Area (Sq.Mt.) | Type | EMD (Rs.) | BSP (Per Sq.Mt.) | Bid Increament Amount in Multiple of Rs. (Per Sq.Mt.) | Reserve Price for lease Calculation (Per Sq.Mt.) | Starting Date & Time For Depositing EMD | Last Date & Time For Depositing EMD | Bidding Start Date & Time | Bidding End Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 6 | 7 | 11 | 12 | 13 | 10 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 26 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 2 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 27 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 3 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 81 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 4 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 96 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 5 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 128 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 6 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 129 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 7 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-21 | Y | (127.5+126.4)/2 x (89.6+94.7)/2 (Mtr) | 11698.25 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 1403790.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 01.12.2024 00:00 Hrs | 04.12.2024 06:00 PM | 01.12.2024 00:00 Hrs | 05.12.2024 12:00 PM |
| 8 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 418 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 9 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 420 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 10 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 421 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 11 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 130 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 12 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 181 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 13 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 186 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 14 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-23 | Y | (72.6+79.9)/2 x (187.7+190.2)/2 (Mtr) (Corner curve deduction as per rule) | 14430.77 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 1731693.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 06.12.2024 00:00 Hrs | 10.12.2024 06:00 PM | 06.12.2024 00:00 Hrs | 11.12.2024 12:00 PM |
| 15 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 193 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 16 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 199 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 17 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 447 | N | 20'X40' | 74.35 | Resi. | 14870.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 18 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 149 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 19 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 215 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 20 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 223 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 21 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 226 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 22 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-25 | Y | (106.8+118.1)/2 x (78.6+71)/2 (Mtr) (Corner curve deduction as per rule) | 8321.55 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 998586.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 12.12.2024 00:00 Hrs | 16.12.2024 06:00 PM | 12.12.2024 00:00 Hrs | 17.12.2024 12:00 PM |
| 23 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 511 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.20240 6:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 24 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 15 | Y | 35'X60' | 195.17 | Resi. | 39034.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.2024 06:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 25 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 47 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.2024 06:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 26 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 100 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.2024 06:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 27 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 132 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.2024 06:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 28 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 133 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.2024 06:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 29 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-2 | N | 157.05 x 84.00 (Mtr) | 13193.58 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 1583230.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 18.12.2024 00:00 Hrs | 22.12.2024 06:00 PM | 18.12.2024 00:00 Hrs | 23.12.2024 12:00 PM |
| 30 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 21 | Y | 35'X60' | 195.17 | Resi. | 39034.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 31 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 135 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 32 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 140 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 33 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 141 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 34 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 151 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 35 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 152 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 36 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-3 | N | 157 x 84 (Mtr) | 13188.00 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 1582560.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 24.12.2024 00:00 Hrs | 29.12.2024 06:00 PM | 24.12.2024 00:00 Hrs | 30.12.2024 12:00 PM |
| 37 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 22 | Y | 35'X60' | 195.17 | Resi. | 39034.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 38 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 362 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 39 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 387 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 40 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 389 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 41 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 455 | N | 20'X40' | 74.35 | Resi. | 14870.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 42 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 462 | N | 20'X40' | 74.35 | Resi. | 14870.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 43 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-4 | N | 157 x 84 (Mtr) | 13188.00 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 1582560.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 31.12.2024 00:00 Hrs | 06.01.2025 06:00 PM | 31.12.2024 00:00 Hrs | 07.01.2025 12:00 PM |
| 44 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 41 | Y | 35'X50' | 162.64 | Resi. | 32528.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 06:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 45 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 478 | N | 20'X40' | 74.35 | Resi. | 14870.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 06:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 46 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 488 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 06:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 47 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 514 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 06:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 48 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 539 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 6:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 49 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 425 | Y | (6.66+5.13)/2 X (9.14+9.27)/2 (Mtr) | 54.27 | Resi. | 10854.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 06:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 50 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-7 | N | 106 x 93 (Mtr) | 9858.00 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 1182960.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 08.01.2025 00:00 Hrs | 13.01.2025 06:00 PM | 08.01.2025 00:00 Hrs | 14.01.2025 12:00 PM |
| 51 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 286 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 52 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 175 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 53 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 192 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 54 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 230 | N | 25'X50' | 116.17 | Resi. | 23234.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 55 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 134 | N | 30'X60' | 167.29 | Resi. | 33458.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 56 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 312 | N | 15'X30' | 41.82 | Resi. | 8364.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 57 | Swami Vivekanand Residential Scheme | 466 | N | 20'X40' | 74.35 | Resi. | 14870.00 | 10000.00 | 50.00 | 4435 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |
| 58 | S.D Vyas Hotel Complex Scheme | P-10 | N | 106 x 71 (Mtr) | 7526.23 (As per Approved Plan) | Commercial (Hotel Purpose) | 903150.00 | 6000.00 | 50.00 | 3371 | 15.01.2025 00:00 Hrs | 20.01.2025 06:00 PM | 15.01.2025 00:00 Hrs | 21.01.2025 12:00 PM |

नोटः– 1. नीलामी की विस्तृत सूचना मय शर्ते विभागीय वेबसाइट https://udhonline.rajasthan.gov.in/ पर उपलब्ध है।
2. स्वामी विवेकानन्द आवासीय योजना, जैसलमेर का रेरा रजिस्ट्रेशन नम्बर RAJ/P/2021/1483 है।

राज.संवाद / सी / 24 / 7653 — सचिव

# 'नए कोर्ट परिसर के लिए नींदड में 100 बीघा व पीपला गांव में जमीन आरक्षित करे जे.डी.ए.'

## सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि बनीपार्क में मौजूदा कोर्ट के पांच बीघा परिसर में करीब दौ सौ कोर्ट चल रहे हैं और यह जगह अत्यधिक भीड़भाड़ वाली है

- **महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कोर्ट के लिए वास्तविक भूमि की जरूरत के लिए विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया जाएगा**
- **कई वकीलों में चर्चा का विषय है कि पांच साल पहले ही जयपुर मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के लिये 11 मंजिल इमारत का निर्माण किया गया था और अदालती आदेशों से प्रतीत हो रहा है कि जल्द ही अदालत को यहां से विस्थापित कर सीकर रोड पर स्थापित किया जा सकता है**
- **कई अन्य वकीलों का कहना था कि जिला न्यायालय को शहर से इतना दूर भेज देने से कई वकीलों को हाईकोर्ट व अन्य अदालतों में पैरवी करने तथा जिला न्यायालय में पैरवी करने के बीच चुनना पड़ेगा क्योंकि जिला न्यायालय शहर से अत्यंत ही दूर बनाने का प्रस्ताव किया जा रहा है।**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर शहर के नए कोर्ट परिसर के लिए जेडीए को सीकर रोड पर नींदड़ में 90 मीटर चौडी रोड पर सौ बीघा जमीन और रिंग रोड के पास गांव पीपला भगतसिंह में खसरा नंबर 233 और 235 को प्रारंभिक तौर पर आरक्षित करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 16 दिसंबर को तय की है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी ने यह आदेश अधिवक्ता दीन दयाल खंडेलवाल व अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि बनीपार्क में मौजूदा कोर्ट परिसर का निर्माण वर्ष 1975 में पांच बीघा जमीन पर किया गया था। फिलहाल यहां करीब दौ सौ कोर्ट चल रहे हैं और यह जगह अत्यधिक भीड़भाड़ वाली है। इसलिए कोर्ट परिसर के निर्माण के साथ ही न्यायिक अधिकारियों के आवास के लिए भी भूमि की जरूरत है। वर्तमान में जयपुर शहर में न्यायिक अधिकारियों के लिए केवल 80 आवास की सुविधा है।

दूसरी ओर महाधिवक्ता (ए.जी.) राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कोर्ट के लिए वास्तविक भूमि की जरूरत के लिए विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके अलावा ए.जी. ने अदालत से अजमेर रोड स्थित जेडीए की वेस्ट वे हाइट्स योजना में भूमि की उपलब्धता के संबंध में रिपोर्ट देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। इस पर अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 16 दिसंबर तक टाल दी है।

जनहित याचिका में कहा गया है कि बनीपार्क स्थित कोर्ट परिसर में जगह की कमी है और वाहनों को पार्क करने के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं है। इसके अलावा आधारभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। जिसके कारण न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और पक्षकारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए मौजूदा कोर्ट परिसर को किसी अन्य जगह पर शिफ्ट करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि अदालत के इस आदेश से कई वकीलों में चर्चा का विषय है कि पांच साल पहले ही जयपुर मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के लिये 11 मंजिल इमारत का निर्माण किया गया था और अदालती आदेशों से प्रतीत हो रहा है कि जल्द ही अदालत को यहां से विस्थापित कर सीकर रोड पर स्थापित किया जा सकता है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस विस्थापन की इस प्रक्रिया से जनता के धन का दुरूपयोग किया गया है।

वही कई अन्य वकीलों का कहना था कि जिला न्यायालय को शहर से इतना दूर भेज देने से कई वकीलों को हाईकोर्ट व अन्य अदालतों में पैरवी करने तथा जिला न्यायालय में पैरवी करने के बीच चुनना पड़ेगा क्योकि जिला न्यायालय शहर से अत्यंत ही दूर बनाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। कई वकीलों का तो यहां तक कहना था कि अदालत ने यह आदेश देने से पूर्व उन नियम कायदों को दरकिनार कर दिया, जिसके तहत हाईकोर्ट परिसर के पांच किमी. के भीतर ही सभी अन्य अदालतों के निर्माण की बात की गई है, ताकि कार्यकारी वकीलों को अदालतों के बीच का फासला कम हो सके और समय भी बर्बाद ना हो।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर स्टेडियम पहुँच कर रामकथा में हिस्सा लिया और तुलसी पीठ के संस्थापक, परम पूज्य जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# देवतुल्य मतदाताओं का आभार : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महा उत्सव में प्रदेश की सातों विधानसभा की देवतुल्य मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई है। ऐसे में प्रदेश के मतदाताओं का आभार और मतदान प्रतिशत से स्पष्ट हो गया कि चुनाव परिणाम इस बार विपक्ष के लिए चौंकाने वाले आएंगे। भाजपा सभी सातों सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करा रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यों के आधार पर इस बार उपचुनावों में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार प्रसार किया गया था। भाजपा ने विकास की राजनीति को बढ़ावा दिया और इसका सुखद परिणाम यह है कि जनता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों पर मतदान किया है।

उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत सुबह से बेहतर रहा है, एक चौथाई मतदान तो सुबह 11 बजे तक हो गया। इसके बाद लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ता गया। शाम 5 बजे तक 65 फीसदी मतदान होना और मतदान केंद्रों पर लंबी कतार होना, इस बात का संकेत है कि भाजपा प्रत्याशियों की भारी मतों से जीत हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि भाजपा का प्रयास है शत प्रतिशत मतदान हो। इसके लिए भाजपा पदाधिकारियों के साथ सरकार के स्तर पर भी पहले मतदान फिर जलपान का नारा देकर प्रयास किए गए। भाजपा ने उपचुनावों की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश कार्यालय में स्टेट कंट्रोल रूम स्थापित किया था। कंट्रोल रूम में बैठकर मैंने सभी सीटों का फीडबैक लिया और भाजपा कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक मतदान कराने की अपील भी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि उपचुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आमजन में भी सरकार के प्रति उत्साह नजर आया है। भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह से आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दिनभर हैश टैग ''सातों सीटें भाजपा को'' ट्रैंड करता रहा। भाजपा निश्चित रूप से सभी सीटें जीतेंगी।

# खिरणी फाटक पर बनेगा आर.ओ.बी. : राज्यवर्धन सिंह

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ क्षेत्रवासियों की सुविधाओं का हर पल ध्यान रख रहे हैं। जनता की यात्रा सुगम, सरल हो, उनके समय की बचत हो साथ ही बेहतरीन यातायात व्यवस्था के साथ लोगों को जाम के झाम से मुक्ति मिल सके, इसके लिए 200 फीट अजमेर रोड चौराहे के पास खिरणी फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है।

एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर अभी सिरसी से कालवाड़ रोड की तरफ आने-जाने वाले ट्रेफिक को जयपुर-अजमेर लाइन पर बने खिरणी फाटक से होकर गुजरना पड़ता है। इसके लिए करीब 2 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। आरओबी बनते ही सर्विस लेन से गुजरने वाले ट्रैफिक को खिरणी फाटक या कनकपुरा फाटक से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की इस बेहतरीन पहल के लिए जनता ने उनका आभार जताया है और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की है।

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करती है विद्या भारती : गोविन्द चंद्र महंत



अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में बुधवार को जयपुर में जवाहर नगर के सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में विज्ञान मेले का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर बालिकाओं ने रंगारग प्रस्तुति दी।

- **नवाचार हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करें : मदन दिलावर**

**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आज जयपुर में जवाहर नगर के सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में विज्ञान मेले का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द चंद्र महंत ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करती है, जिससे विद्यार्थी समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जयपुर में यह 22वां अखिल भारतीय विज्ञान मेला आयोजित हो रहा है, जिसमें विभिन्न स्तर पर चुने हुए देशभर के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायत राज्य मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि विद्या भारती विद्यार्थियों को नवाचार के लिए सदैव प्रेरित करती रही है। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान मेला युवाओं में नई सोच संचालित करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि चंद्रयान तीन के सफल परीक्षण में पांच विद्यार्थी विद्या भारती के भी थे।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि एलेन करियर इंस्टीट्यूट कोटा के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने कहा कि विद्या भारती परिवार नए प्रकार के संस्कार विद्यार्थियों को देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि विद्यार्थी अपने मस्तिष्क का सुमति से उपयोग करेंगे तो मानव हित में अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकेंगे। भारत के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

# सामोद में पुनः प्रारंभ होगा पेसेंजर रोप-वे : सांसद राव राजेंद्र सिंह

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले में सामोद वीर हनुमानजी मंदिर परिसर में पिछले 2 साल से बन्द पड़े पेंसेजर रोप-वे को जल्दी ही पुनः चालू करवाया जायेगा। जिससे कि सामोद पर्वत पर वीर हनुमानजी मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना आसान होगा साथ ही देशी विदेशी सैलानियों के लिए भी ये पेंसेजर रोप-वे आकर्षण का केंद्र बनेगा। पेंसेजर रोप-वे को पुनः चालू करने के लिए केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। सामोद पर्वत पर वीर हनुमानजी मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को करीब 1151 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती थी ऐसे में दिव्यांग, बुजुर्ग और महिलाओं व बच्चों के लिए पेंसेजर रोप-वे संजीवनी साबित होगा।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान और दर्शन को पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे : प्रो. अल्पना कटेजा

## नए पाठ्यक्रम के तहत दर्शनशास्त्र में अब विद्यार्थी वेद और उपनिषद् के सिलेबस में करपात्री महाराज की दो पुस्तक ''गोपी गीत'' और ''वेद का स्वरूप और प्रमाण'' का अध्ययन करेंगे



राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा बुधवार को पत्रकारों से रूबरू हुई।

**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब राजस्थान विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान और दर्शन को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। नए पाठ्यक्रम के तहत दर्शनशास्त्र में अब छात्र वेद और उपनिषद के सिलेबस में करपात्री महाराज की दो पुस्तक गोपी गीत और वेद का स्वरूप और प्रमाण पढ़ेंगे। इन विषयों को कंपलसरी वैल्यू ऐडेड कोर्स के रूप में पढ़ाया जाएगा। यानी की इनमें छात्रों का पास होना अनिवार्य होगा। यह जानकारी राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने दी।

राजस्थान विश्वविद्यालय में अब मैकाले की शिक्षा पद्धित से आगे बढ़कर अब फिलासफी डिपार्मेंट में भारतीय ज्ञान और दर्शन को पढ़ाया जाएगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अल्पना कटेजा ने बताया कि फिलासफी के प्रोफेसर्स दया कृष्णा, विशंभर पाही, राजेंद्र स्वरूप भटनागर ने भारतीय ज्ञान दर्शन को लेकर जितना काम किया है, उसी के कारण आज फिलासफी डिपार्मेंट की पूरे देश में पहचान है। और फिलॉसफी पढ़ कर के यहां से निकलने वाले विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान बनाते रहे हैं। उसी को रिवाइव करने की कोशिश कर रहे हैं। आगे चलकर अलग-अलग विभागों में भारतीय ज्ञान को समायोजित करते हुए सिलेबस में परिवर्तन किया जाएगा। फिलहाल वेद और उपनिषद के सिलेबस में करपात्री महाराज की दो पुस्तकों गोपी गीत और वेद का स्वरूप और प्रमाण को शामिल किया गया है। नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान को जोड़ा जा रहा है और भारतीय ज्ञान आध्यात्मिक से परे नहीं है। दर्शनशास्त्र में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

वही खरपतवार महाराज की इन किताबों को पाठ्यक्रम में शामिल करने का सुझाव देने वाले आध्यात्म गुरु स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने बताया कि अब तक मैकाले शिक्षा पद्धित के अनुसार पाठ्यक्रम पढ़ते आए हैं। अब नई शिक्षा नीति के तहत धीरे-धीरे इसमें बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसों से चली आ रही परंपरा को 1 मिनट में खत्म नहीं किया जा सकता। इस परंपरा में आध्यात्मिक विषयों को जोड़ने का प्रयास एक सराहनीय कदम है।

कोई भी पुरानी परंपरा में यदि सुधार की प्रक्रिया होती है, तो उसमें कुछ समय लगता है। धीरे-धीरे उसी परंपरा में चले जाएंगे, जिस प्राचीन ज्ञान परंपरा से चले थे। गोपी गीत और वेद का स्वरूप और प्रमाण का विषयों में शामिल होना इसी का सूचक है।

इस दौरान फिलासफी डिपार्टमेंट के सहायक प्रोफेसर अनुभव वार्ष्णेय ने स्पष्ट किया कि भारतीय ज्ञान परंपरा और शास्त्रीय साहित्य में यूजी और पीजी स्तर के कोर्स में बदलाव किया जा रहा है। यूजीसी से मिले परामर्श के तहत दर्शनशास्त्र में इंडियन वैल्यू सिस्टम मॉड्यूल की संरचना की गई है जिसे यूजी के फर्स्ट ईयर के छात्रों को पढ़ाया जाना शुरू किया है। इसी तरह पीजी में दर्शनशास्त्र पहले और दूसरे सेमेस्टर के छात्रों के लिए शास्त्रीय भारतीय दर्शन के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसी वर्ष से वैदिक ग्रंथों के माध्यम से पढ़ाया जा रहा ये प्रश्न पत्र अनिवार्य होगा। यानी ये कंपलसरी वैल्यू ऐडेड कोर्स के रूप में पढ़ाए जाएंगे। इन पेपर्स में पास होना अनिवार्य होगा।

# प्रधानमंत्री की विजनरी लीडरशिप से विकास को मिली अभूतपूर्व गति : भजनलाल शर्मा

- **प्रदेश में जयपुर, बाड़मेर एवं फालना में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ, आमजन को कम कीमत पर मिलेंगी दवाइयां**
- **देश में 12 हजार करोड़ की 25 से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा से देश को 12 हजार करोड़ रुपए की सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेक्टर की 25 से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास से इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के दरभंगा से देश को 12 हजार करोड़ रुपए की सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेक्टर की 25 से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। कार्यक्रम में राजस्थान में भी जयपुर, बाड़मेर एवं फालना में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास से इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में आज 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढीकरण पर फोकस कर रही है। हम बीमारी से बचाव, बीमारी की समय पर जांच, मुफ्त एवं सस्ता इलाज, छोटे शहरों में भी इलाज की बेहतरीन सुविधा, चिकित्सक की कमी को दूर करना तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के विस्तार के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दरभंगा में हुए एम्स के शिलान्यास से स्थानीय स्तर पर तो स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा ही। साथ ही, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अनेक अवसर बनेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छ भारत अभियान, हर घर नल से जल जैसे अभियानों से न केवल स्वच्छता बढ़ी है बल्कि बीमारियों के संक्रमण पर भी रोकथाम लगी है।

मोदी ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार की किसान सम्मान निधि तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसी पहल से हमारे अन्नदाताओं का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना से स्थानीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। इसके अतिरिक्त हमने एक दर्जन से अधिक स्थलों को रामायण सर्किट से जोड़ा है, इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम 'विकास भी और विरासत भी' की सोच के साथ काम कर रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें पहले वादों और दावों में ही उलझी रहती थीं, लेकिन हम अपने किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी लीडरशिप में देश में विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। सड़क, ऊर्जा, मेडिकल, उद्योग, बिजली, पानी, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी सहित तमाम विकास संकेतकों में भारत विश्वभर में मजबूती के साथ आगे आया है। आज राजस्थान में जयपुर में दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन, बाड़मेर तथा फालना के रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। इससे आमजन को कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत जरूरतमंदों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण, रामाश्रय वार्ड, मा वाउचर जैसे नवाचारों से स्वस्थ राजस्थान के मिशन को गति मिली है।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़, रेलवे के अपर मण्डल रेल प्रबंधक (जयपुर डिवीजन) गौरव गौड़ उपस्थित रहे।

# बाल विवाह रोकथाम थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**जयपुर ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा राजकीय विद्यालय, आमेर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, आमेर के सहयोग से 12 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर टाबर स्वयं सेवी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक की थीम बाल विवाह रोकथाम रहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि नवंबर 2024 से फरवरी 2025 तक विशेष बाल विवाह रोकथाम अभियान आयोजित किया जाना है। अभियान में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही विशेष नुक्कड नाटक एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इसी क्रम में राजकीय विद्यालय में नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से बाल विवाह से विवाहित बच्चों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को दिखाते हुए इसके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को बताया गया। शर्मा ने बताया कि इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन बाल विवाह रोकथाम के साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयामों से आमजन को अवगत कराना रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कीम्स के माध्यम से आमजन को समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किए जाते रहे हैं, साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सबके लिए की अवधारणा पर कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सफल संचालन के क्रम में धर्मवीर सिंह रोलानिया, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 08, आमेर, वैभव सोनी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 09, आमेर स्नेहलता यादव, वाईस प्रिंसिपल, कविता अवस्थी, व्याख्याता, जीनेश पटेल, कोर्डिनेटर, टाबर स्वयं सेवी संस्थान, बब्बन मिश्रा, कार्यकर्ता, टाबर स्वयं सेवी संस्थान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ पूरण मीणा एवं देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# उत्तरप्रदेश के युवक की शराब पिलाने के बाद हत्या की वारदात का खुलासा

## मृतक के दोस्त और साथी मजदूर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** हमीरगढ़ थाना पुलिस ने बनास नदी क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के प्रदीप पांडेय की शराब पिलाने के बाद चाकू से गोदकर हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए मृतक के दोस्त और साथी मजदूर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो यूपी और एक बिहार का रहने वाला है।

जानकारी के अनुसार, हमीरगढ़ क्षेत्र में बनास नदी की पुरानी पुलिया के नीचे गुरुवार को एक युवक की खूनसनी लाश मिली थी। शव पर गहरे जख्म थे। पुलिस ने कान्याखेड़ी निवासी व मोबाइल शॉप संचालक कन्हैयालाल गुर्जर के जरिये शव की पहचान उत्तरप्रदेश के अमेठी जिले के चौरावनपुरा निवासी प्रदीप (28) पुत्र चंद्रभान पांडे के रूप में की थी। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी को साजो को भी मौके पर बुलाकर शव की पहचान करवाई। प्रदीप अभी पत्नी साजो के साथ कान्याखेड़ी चौराहा क्षेत्र में रहकर नितिन स्पीनर्स में मजदूरी कर रहा था। साजो की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया किया था।


हमीरगढ़ थाना पुलिस ने हत्या के मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने वारदात को गंभीरता से लेते हुये इसके खुलासे के लिए एएसपी पारस जैन के निर्देशन, डीएसपी सदर श्यामसुंदर विश्नोई के सुपरविजन और हमीरगढ़ थाना प्रभारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की थी। टीम ने अथक प्रयास कर तीन संदिग्धों को हाथरस व फर्रुखाबाद से डिटेन किया। तीनों को पुलिस यहां ले आई। पूछताछ करने पर तीनों ने वारदात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने बिहार के मधुबनी जिले के ठाढी निवासी मुख्य आरोपित मनोज (27) पुत्र पंचि कामत, उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले के बरोली निवासी विकास (19) पुत्र गुलवीर सिंह बढ़ाई और फरुखाबाद जिले के गोपालपुरा निवासी गोविंद (23) पुत्र बिरपाल कश्यप को गिरफ्तार कर लिया।

■ युवक की शराब पिलाने के बाद आरोपियों ने चाकू से गोदकर हत्या की थी

पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपित भी मृतक के साथ फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। आरोपित मनोज, अपने दो साथियों विकास व गोविंद के साथ प्रदीप पांडे को वारदात वाले दिन अपने साथ बनास नदी में ले गया, जहां प्रदीप को इन लोगों ने शराब पिलाई। इसके बाद जब प्रदीप शराब के नशे में मदहोश हो गया तो उसे पर चाकू से कई वार किये, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपित मनोज व मृतक प्रदीप एक साथ नितिन स्पीनर्स में काम करते थे। दोनों एक ही कॉलोनी में रहते थे। आरोपित, मनोज, प्रदीप पांडे की पत्नी से एक तरफा प्यार करता था। वह प्रदीप की पत्नी को पाना चाहता था। इसी के चलते मनोज ने षड्यंत्र रचकर प्रदीप को मौत के घाट उतार दिया।

# दुल्हा व दुल्हन ने अलग-अलग मतदान केंद्रों पर वोट डाला


सुलताना कस्बे के एक बूथ पर दुल्हन वोट डालने के लिए पहुंची।

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं उपचुनावों में कई रौचक तस्वीरें भी सामने आ रही है। शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। मंगलवार को देवउठनी एकादशी के मौके पर अबूझ सावों का मुहूर्त था। ऐसे में बड़ी संख्या में बुधवार को दुल्हा व दुल्हन वोट डालने के लिए पहुंचे।

इसी तरह इंदिरा नगर निवासी मनीष टीबड़ेवाला की भी बारात आज जयपुर जा रही है। बारात रवाना होने से पहले दुल्हा बनने जा रहा मनीष टीबड़ेवाल अपने परिवार सहित मतदान केंद्र पहुंचा और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। केवल मनीष टीबड़ेवाल ही नहीं, बल्कि उनके परिवार के झुंझुनूं शहर में रहने वाले दो दर्जन से अधिक सदस्य अपने अपने बूथों पर पहले वोट डालकर आए। फिर मनीष के साथ बारात में रवाना हुए। कलेक्टर रामावतार मीणा ने मनीष को ना केवल शादी की बधाई दी और कहा कि सभी को मनीष जैसे मतदाताओं से प्रेरणा लेकर अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। बारातियों की बात करें तो मनीष टीबड़ेवाल के चचेरे भाई अंकुर टीबड़ा, मनीष की भाभी प्रियंका टीबड़ा सहित अन्य ने भी वोट डाले।

इसी क्रम में सुलताना कस्बे के बूथ संख्या 119 में एक दुल्हन वोट डालने के लिए पहुंची। सुलताना की पिंटू कंवर की शादी बीती रात को ही हुई थी। जिसने सात फेरे लिए और सुबह घर से विदाई के बाद वह सीधे मतदान केंद्र पहुंची। जहां पर उसने वोट डाला फिर अपने ससुराल नागौर के लिए रवाना हुई। वोट डलवाने के लिए दूल्हा भी साथ पहुंचा। फूलों से सजी-धजी गाड़ी सुबह-सुबह जब मतदान केंद्र पहुंची तो सभी के लिए उत्सुकता रही। इधर, वोट डालने के बाद पिंटू कंवर ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। इसलिए उसने मेहंदी रचे हाथों पर लोकतंत्र की स्याही की मेहंदी भी लगवाकर खुश है। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

# दुकानों के शटर तोड़ 10 लाख के मोबाइल सहित सामान चोरी

## मकराना पुलिस टीम ने दोनों दुकानों और आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया

**मकराना, (निसं)।** शहर में पिछले तीन दिनों से चोरों ने मोबाइल दुकानों को अपना निशाना बना रखा है। मंगलवार देर रात को चोरों ने घाटी चौराहा के पास स्थित पुनित मोबाइल और अल्फा मोबाइल की दुकानों के शटर तोड़ दिए और भीतर घुसकर लाखों के मोबाइल, उपकरण और एसेसरिज चुराकर ले गए।

मकराना थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुनित मोबाइल संचालक महावीर पारीक और दीपक पारीक को वारदात से करीब 10 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। वहीं अल्फा मोबाइल दुकान के संचालक कमल किशोर माली के भी पुराने मोबाइल व एसेसरिज का नुकसान हुआ है। महावीर पारीक मोबाइल कारोबार में मकराना का बड़ा व्यापारी है। सुबह उसकी दुकान के शटर टूटे देखकर

■ दो दिन पहले भी ट्रक यूनियन में दुकान का शटर तोड़ चार लाख रूपए के मोबाइल चोरी हो गये थे

लोगों ने उसे सूचना दी। जिस पर वह दुकान पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मकराना थाने से पुलिस टीम ने दोनों दुकानों और आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया। चोरों ने वारदात से पहले दुकानों की बिजली सप्लाई काटी और अंदर घुस कर सीसीटीवी कैमरे तोड़े। उन्होंने कैमरों के मेमोरी कार्ड निकाल लिए। इसके बाद में नए और पुराने मोबाइल सहित महंगे पेन ड्राईव सहित मोबाइल से जुड़ी एसेसरिज चुरा ली।

महावीर ने बताया कि उसकी दुकान में करीब 10 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। उसके पड़ोस में ही कमल किशोर माली की दुकान है जिसकी दुकान में भी चोरों ने सेंधमारी की है। उसने बताया कि उसकी दुकान में अधिकांश पुराने मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व मोबाइल एसेसरिज थी, जिन्हें चोर चुरा ले गए है। आरोपियों ने दोनों शटर किसी मजबूत रॉड से तोड़े हैं तथा दोनों चोरियां एक ही तरीके से की गई है। इससे दो दिन पहले ही ट्रक यूनियन में दुकान का शटर तोड़कर चोर 4 लाख रूपए के मोबाइल चुरा ले गए थे। मकराना थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि घाटी चौराहा में चोरी की घटना को लेकर पुलिस अनुसंधान जारी है।

## कार में लगी आग, चालक बाल-बाल बचा

**कोटा, (निसं)।** गुमानपुरा इलाके की छावनी फ्लाईओवर पर बुधवार सुबह एक चलती कार में अचानक से आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते कार चालक ने कार को रोका और कार से नीचे उतर गया।

अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि छावनी फ्लाईओवर पर एक डीजल की कार में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एक दमकल को मौके पर रवाना किया गया और 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि कार चालक कुनाल मिश्रा एरोड्रम से कोटड़ी की ओर जा रहा था, तभी फ्लाईओवर पर कार के बोनट पर से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिस पर उसने तुरंत कार को रोका और नीचे उतरा इतनी देर में ही कार में आग की लपटें निकलने लगीं। सूचना मिलते ही दमकल मौके पर भेजी और आग पर काबू पा लिया गया।

# एसीबी द्वारा जब्त संदिग्ध राशि को लेकर चर्चाओं का दौर जारी

**भरतपुर, (निसं)।** एसीबी के एएसपी अमित चौधरी के नेतृत्व में महिला पुलिस थाने पर की गई छापामार कार्यवाही में 15 लिफाफों में मिले चार लाख 54 हजार एवं एसएचओ भंवर सिंह के निवास पर मिले एक लाख 17 हजार रूपये की संदिग्ध राशि को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस की कार्यशैली एवं छवि पर सवालिया निशान उठने लगे हैं।

महिला पुलिस थाने पर बताया जा रहा है कि 2018 में भी एसीबी ने महिला पुलिस थाने के एसएचओ गोपेश कुमार को रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया था। इसके अलावा पिछले महीने महिला पुलिस थाने का निरीक्षण करने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज ने भी महिला पुलिस थाने में पाई काफी अव्यवस्थाओं एवं कमियों को लेकर महिला पुलिस थाने को राज्य का सबसे घटिया और निम्न स्तर का थाना बताया था। महिला पुलिस थाने को

■ महिला थाने के एसएचओ भंवर सिंह व रीडर जयसिंह को निलम्बित किया

■ महिला पुलिस थाने पर 15 लिफाफों में मिले 4.54 लाख एवं एसएचओ भंवर सिंह के निवास पर मिले एक लाख 17 हजार रूपये की संदिग्ध राशि का मामला

लेकर लम्बे समय से कोई ना कोई चर्चा और विवाद बने रहते हैं। महिला पुलिस थाने पर बीस साल के रिकार्ड में केवल चार महिला एसएचओ रही है, जबकि एक दर्जन से अधिक पुरूष एसएचओ एवं अन्य पुरूष स्टाफ तैनात रहता है। जिससे महिला थाने पर आने वाली महिला उत्पीड़न एव अन्य महिला अपराधों को लेकर भी चर्चा होती रहती है।

इस महिला थाने पर महिला स्टाफ की सर्वाधिक नियुक्ति होनी चाहिए। एसीबी की महिला पुलिस थाने पर हुई कार्रवाई के बाद राज्य स्तर पर माना जा रहा है कि भरतपुर जिले में अब तक हुई एसीबी की कार्रवाईयों में यह ऐसा पहला मामला सामने आया है जिसमें लिफाफों में बंद रिश्वत की राशि में मुकदमा नम्बर और रिश्वत की रकम भी लिखी हुई मिली। एसीबी की इस कार्रवाई को लोगों में सराहनीय माना जा रहा है।

इस कार्रवाई के बाद में पुलिस के आलाधिकारियों ने इस महिला थाने के मामले को गंभीरता से लिया है और एसपी मृदुल कच्छावा ने त्वरित एक्शन लेते हुए महिला थाने के एसएचओ भंवर सिंह व रीडर जय सिंह को निलम्बित कर पुलिस लाइन में भेजने के आदेश जारी किए हैं। माना जा रहा है कि पुलिस में यह भी चर्चा है कि महिला पुलिस थाने के सभी स्टाफ को बदला जा सकता है। अब पुलिस के अधिकारी एसपी एवं आईजी इस कवायद में लगे हैं कि महिला पुलिस थाना पर स्वच्छ एवं अच्छी छवि वाले पुलिस स्टाफ को लगाया जाए और पुलिस थाना की समय पर मॉनिटरिंग की जाए।

जिससे आगामी समय में महिला पुलिस थाना कि छवि आम लोगों में सही बनी रह सके। मंगलवार को महिला थाने में मोटी रकम होने की सूचना पर एसीबी भरतपुर की टीम ने एएसअपी अमित चौधरी के नेतृत्व में महिला थाने पर छापेमारी कर जांच की थी। जिसमें जांच के दौरान एसीबी को थाने में बंद लिफाफों से 4 लाख से 30 हजार रूपये राशि मिली थी। वही थाना प्रभारी के क्वार्टर से 1 लाख 25 हजार रुपए मिले। इस प्रकार कुल पांच लाख पचपन हजार रूपये की राशि मिली।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो महिलाओं की मौत, 21 लोग घायल

**भरतपुर, (निसं)।** संभाग के धौलपुर जिले की बसेड़ी थाना क्षेत्र के कोटरा गांव के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं 21 लोग घायल हो गए। घायलों को बसेड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में रैफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

भरतपुर जिले के गढीबाजना क्षेत्र के गजनुआ गांव निवासी राजेश अपनी भांजी की शादी में भात भरने के लिए अपने रिश्तेदारों महिला-पुरुष एवं बच्चे ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर बसेड़ी थाना क्षेत्र के गांव रामपुरा जा रहे थे। बयाना सड़क मार्ग स्थित कोटरा गांव के नजदीक बेकाबू होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीण और राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को रेस्क्यू किया और एंबुलेंस की मदद से घायलों को बसेड़ी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने 35 वर्षीय गायत्री पत्नी मलखान एवं 40 वर्षीय सुनीता पत्नी राजेश को मृत घोषित कर दिया। दोनों महिला के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं हालत गंभीर होने पर करीब एक दर्जन महिलाओं बच्चों व एक युवक को जिला आरबीएम अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

घायलों ने बताया कि ढलान पर अचानक से गाय के ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने आ जाने पर उसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में में 4 वर्षीय चंचल, 32 वर्षीय इंदिरा, 28 वर्षीय मातरम, 23 वर्षीय सुनीता, 4 वर्षीय कीर्ति, 30 वर्षीय राकेश, 14 वर्षीय चंचल, 8 वर्षीय कृष्णा, 60 वर्षीय केशकली, 28 वर्षीय पूजा, 10 वर्षीय संगीता, 32 वर्षीय पिंकी, 25 वर्षीय हेमलता, 6 वर्षीय जतिन, 28 वर्षीय सुशमा, 21 वर्षीय शशि, 8 वर्षीय साक्षी, 25 वर्षीय गुडिया, 25 वर्षीय ओमवीर, 8 माह का नैंसी, 18 माह को जागेन्द्र, 3 माह की डोली घायल हुए हैं। करीब एक दर्जन घायलों की गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## दुष्कर्म का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** मंडरायल थाना पुलिस ने एक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पर तीन हजार का इनाम घोषित था पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि मंडरायल थाना क्षेत्र के गांव में गांव के ही एक व्यक्ति ने एक महिला के साथ चाकू की नोक पर नौ माह पूर्व रात नौ बजे के करीब चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया जिसका थाने पर मुकदमा दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी उसी समय से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 3 हजार रुपये का इनाम घोषित था जिस आरोपी को मंडरायल थाना पुलिस के सहायक सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, कांस्टेबल वृंदावन, युधिष्ठिर, शिवराम ने गिरफ्तारी के लिए कई जगह तलाश की जो नहीं मिला।

# मारपीट की सूचना पर कुलोद खुर्द के मतदान केंद्र पर पहुंचे राजेंद्र सिंह गुढ़ा

**झुंझुनूं, (निसं)।** विधानसभा उपचुनावों के दौरान कुलोद खुर्द गांव स्थित मतदान केंद्र पर पूर्व मंत्री व निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र सिंह गुढ़ा के पोलिंग एजेंट के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद खुद पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा कुलोद खुर्द गांव पहुंचे।

उन्होंने अपने एजेंट और समर्थकों से बातचीत कर पूरी बात की जानकारी ली और कहा कि अन्य प्रत्याशियों के एजेंट व समर्थक बौखला गए हैं। उनके एजेंट में बूथ पर डाले जा रहे फर्जी वोटों को रोका तो उसके साथ मारपीट की गई। एक दलित युवक के साथ मारपीट की गई। इसके बाद धमकाया गया, जो सही नहीं है। उन्होंने मौके से ही जिला कलेक्टर

■ गुढ़ा ने मौके से ही कलेक्टर को फोन कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाया

रामावतार मीणा को फोन कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाया और बूथ पर जाब्ता बढ़ाने व निष्पक्ष चुनाव करवाने की बात कही। इसके साथ ही चेताया कि यदि फर्जी वोटिंग की गई तो वे मतदान दुबारा करवाएंगे। गुढ़ा के बूथ पर पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी बूथ के बाहर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार इससे पहले झुंझुनूं विधानसभा के कुलोद खुर्द गांव स्थित बूथ पर निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र सिंह गुढ़ा के समर्थक और उनकी पत्नी निशा कंवर के इलेक्शन एजेंट लोकेश कुमार ने राजेंद्र गुढ़ा के एजेंट के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। लोकेश कुमार ने आरोप लगाया कि बूथ पर फर्जी वोट डलवाए जा रहे थे। जिसका विरोध राजेंद्र गुढ़ा के एजेंट शीशराम ने किया तो अन्य एजेंट ने उसके थप्पड़ जड़ दिए, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी अन्य प्रत्याशियों के समर्थकों ने घेर लिया और धक्का-मुक्की की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद दोनों पक्षों की समझाइश कर बूथ के बाहर इकट्ठा भीड़ को हटाया गया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ।

# पुलिसकर्मी से मारपीट के मामले में तीन को सजा

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट के मामले का निस्तारण करते हुए तीन आरोपियों को 3 वर्ष का कारावास और 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रकरण के अनुसार पुलिस लाइन क्वार्टर में निवासरत कांस्टेबल नाथूलाल मीणा ने 27 मार्च 2017 को कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कराया कि दोपहर में पुलिस लाइन अपने क्वार्टर की ओर जा रहा था कि पुलिस लाइन के परकोटे के पास तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। जिस पर उसने अकारण बैठने पर फटकार लगाई। फटकार लगाने पर तीनों आरोपी भैरोसिंह पुत्र लोकेंद्र सिंह बाबरी खेड़ा थाना ऋषभदेव, खुमानपुर निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र सज्जन सिंह थाना आसपुर, नागेंद्र सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी वागदरी हाल जयहिंद नगर थाना कोतवाली ने उसके साथ जमकर मारपीट की तथा पूर्व केंद्रीय विद्यालय जो कि पुलिस लाइन परकोटे के पास स्थित था केंद्रीय विद्यालय के कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और उसके जेब से 350 रुपए भी निकाल लिए। इस दौरान

■ कोर्ट ने तीन वर्ष का कारावास और 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया

पुलिसकर्मी नाथूलाल का दांया पांव भी मारपीट की वजह से टूट गया।

उसके चिल्लाने पर विद्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहनलाल और विद्यालय के प्राचार्य आए। साथ ही सूचना मिलते ही कांस्टेबल शंकरलाल, लक्ष्मण, मांथीलाल मौके पर पहुंच गए। साथ ही पुलिस गश्त दल भी मौके पर पहुंचा और उसे चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सा प्रारंभ की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा चार्जशीट पेश की गई। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले की गंभीरता देखते हुए तीनों आरोपियों को तीन वर्ष का कारावास और 10 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी एक अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट करने के अलावा अन्य प्रकरण भी विचाराधीन है।

# शिवसिंह मर्डर केस का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयोग ली गई बाइक भी बरामद की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बुधवार को टोडाभीम में 24 सितंबर को हुये शिवसिंह सैनी हत्याकांड का पुलिस ने करीब दो माह बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मर्डर के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयोग ली बाइक भी बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि 24 सितंबर को तीन व्यक्ति भगवान सहाय बावरिया पुत्र रामकरण बावरिया निवासी कालेडी पुलिस थाना पापडदा जिला दौसा, शीशराम भील पुत्र प्रहलाद भील निवासी खोहरा मुल्ला पुलिस थाना सलेमपुर जिला दौसा और धर्म सिंह बावरिया पुत्र राकेश कुमार बावरिया निवासी बुजेट पुलिस थाना गीजगढ़ जिला दौसा एक नाली टोपीदार बंदूक लेकर डेडान में जंगली सूअर का शिकार करने के लिए बाइक से निकले थे। इसके बाद तीनों शिवसिंह सैनी निवासी असरो वाला


शिव सिंह सैनी मर्डर काण्ड का एसपी ममता गुप्ता ने खुलासा किया।

सागर से शराब खरीदने के लिए रात करीब 11.30 बजे उसके घर पहुंचे। यहां उन्होंने शिवसिंह सैनी को आवाज देकर जगाया और शराब मांगी। शिवसिंह सैनी भगवान सहाय बावरिया को शराब के दो पव्वे देते हुए 200 रुपए मांगे। इस पर भगवान सहाय ने शिवसिंह सैनी को 120 रुपए देते हुए कहा कि दिन में तो उसने 2 पव्वों के इतने ही रुपए दिए थे, जबकि शिवसिंह शराब के 200 रुपए लेने की बात अड़ा रहा। जिस पर दोनों में झगड़ा हो गया। शिवसिंह घर से डंडा लेकर आया और तीनों के साथ मारपीट कर दी। वहीं तीनों लोगों ने भी शिवसिंह के साथ मारपीट कर दी। इस पर शिवसिंह सैनी का भाई सियाराम सैनी झगड़े की आवाज सुनकर मौके पर आया लेकिन उसे भगवान सहाय बावरिया ने बंदूक से डरा कर भगा दिया। गुस्से में भगवानसहाय ने अपने कंधे पर रखी बंदूक से शिवसिंह सैनी के सिर में गोली चला दी, जिससे शिवसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद तीनों बाइक पर बैठकर नाहर खोहरा की ओर भाग गए।

■ शराब के रुपये देने की बात को लेकर विवाद हो गया था

घटना के बाद मृतक के भाई सियाराम सैनी पुत्र जगराम सैनी ने थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम गठित की और डीएसटी, स्पेशल टीम, साइबर आदि ने जगह-जगह दबिश दी। आखिर में मुखबिर की सूचना पर पुलिस को जानकारी लगी कि घटना में आरोपी शीशराम भील मुडफोडी का पुरा के डूंगरों में भैरोजी के मंदिर पर है।

टीम ने आरोपी को घेरकर गिरफ्तार कर लिया, साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयोग में ली गई बाइक को भी जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस द्वारा शीशराम से पूछताछ कर तलाश कर रही है। पुलिस टीम में थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा, सवाई माधोपुर साइबर सेल प्रभारी अजीत मोगा, साइबर सेल के हैड कांस्टेबल विजय सिंह, साहब सिंह, राजेश खन्ना, कॉन्स्टेबल शिवप्रसाद, तेजराम सिंह, राजेश, सुमरन, महेशचंद व कैलाश, शैलेन्द्र, पुरुषोत्तम, बलवीरसिंह आदि शामिल थे।



जब आप एक के बाद एक खराब प्रदर्शन करते हैं, तो दबाव बढ़ जाता है। इसलिए, मुझे लगता है कि अब बात यह है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी को फिर से कड़ा अभ्यास करना होगा। - ब्रेट ली

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज, विराट कोहली और रोहित शर्मा को सलाह देते हुए।




आज का खिलाड़ी ▶

## मोहम्मद शमी



पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता संजय जगदाले ने कहा कि रणजी ट्रॉफी मैच के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लगभग एक साल बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को फिटनेस और फॉर्म हासिल करने के लिए प्रथम श्रेणी मुकाबलों में दम-खम दिखाना होगा। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था। उन्होंने मध्यप्रदेश और बंगाल के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में बुधवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मैच के जरिये प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की।

**क्या आप जानते हैं ?...** दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच के दूसरे दिन ही एक पारी और 21 रन से हराकर दो दिन में जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम का दर्जा मिला। इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया यह सम्मान पा चुकी है।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बीसीसीआई ने फिर पलटा अपना फैसला

# इंट्रा स्क्वॉड मैच खेलेगी टीम इंडिया



नई दिल्ली, 13 नवम्बर। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई ने फिर अपना फैसला पलट दिया है। जिसके बाद अब टीम इंडिया इस सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वॉड मैच या प्रैक्टिस मैच खेलेगी। यहां तक कि ये मैच तीन दिन तक चलेगा, जिसकी शुरूआत शुक्रवार से होगी और ये रविवार तक चलेगा। हालांकि, इस मुकाबले को कोई नहीं देख पाएगा क्योंकि, बोर्ड ने स्टेडियम में किसी को भी अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। हालांकि, बीसीसीआई ने पहले इंस्ट्रा स्क्वॉड मैच का फैसला टाल दिया था।भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं, और द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की रिपोर्ट के अनुसार तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड मैच पर्थ के वाका में खेला जाएगा।

टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन और इंट्रा स्क्वॉड मैच को कोई भी नहीं देख पाएगा। यहां तक कि स्टेडियम के कर्मचारियों को भी ऑफिस के बाहर फोन इस्तेमाल करने और वीडियो बनाने की अनुमति नहीं है। टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। पहले दिन विराट कोहली समेत आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया, जबकि केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत नजर आए।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अगले सप्ताह पर्थ में टीम इडंया के लिए ओपन करते हुए नजर आ सकते हैं, क्योंकि रोहित शर्मा अभी तक ऑस्ट्रेलिया नहीं पहुंचे हैं और वे पहले मैच को मिस कर सकते हैं। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के दौरान रोहित अपनी पत्नी के साथ रहना चाहते हैं। जिस कारण वह टीम के साथ ट्रेवल नहीं कर रहे हैं।

# तिलक की सेंचुरी से भारत ने 219 रन बनाए

दक्षिण अफ्रीका, 13 नवम्बर। तिलक वर्मा की सेंचुरी के दम पर भारत ने तीसरे टी-20 में 219 रन बना दिए। सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत से अभिषेक शर्मा ने 50 और तिलक ने 107 रन बना दिए।

साउथ अफ्रीका से केशव महाराज और एंडिले सिमेलाने को 2-2 विकेट मिले। साउथ अफ्रीका ने एक ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से रायन रिकेलटन और रीजा हेंड्रिक्स ओपनिंग करने उतरे। भारत से अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। स्टेडियम में बारिश के बहुत सारे कीड़े आ जाने के कारण खेल रोका गया है।

तिलक ने अभिषेक के साथ 107 और रिंकू सिंह के साथ 58 रन की पार्टनरशिप की। आखिर में रमनदीप सिंह ने 6 बॉल पर 15 रन की पारी खेली। 4 टी-20 की सीरीज 1-1 से बराबर है। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन का विकेट गंवा दिया। यहां से अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। अभिषेक 50 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 6 विकेट खोकर 219 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज और एंडिले सिमेलाने ने 2-2 विकेट लिए। एक विकेट मार्को यानसन को मिला, वहीं एक बैटर रनआउट भी हुआ। डेब्यू मैच खेल रहे रमनदीप सिंह 20वें ओवर में रनआउट हो गए। उन्होंने 6 गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 15 रन बनाए। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ आखिर में 13 गेंद पर 28 रन की पार्टनरशिप की।

डेब्यू मैच खेल रहे रमनदीप सिंह 20वें ओवर में रनआउट हो गए। उन्होंने 6 गेंद पर 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 15 रन बनाए। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ आखिर में 13 गेंद पर 28 रन की पार्टनरशिप की। 220 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम से रायन रिकेलटन और रीजा हेंड्रिक्स ओपनिंग करने उतरे। भारत से अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। इस ओवर में 7 रन बने।

# 2000 रन बनाने वाले क्लब में शामिल होंगे विराट कोहली



### रोहित शर्मा के सामने गंभीर का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। विराट कोहली और रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों खिलाड़ी पहले नंबर पर नहीं है, दोनों ने अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच खेले हैं। 24 मैचों में उन्होंने 48.26 के औसत से 1979 रन बनाए हैं। वह इस बार 2000 रन बनाने वालों के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण, राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा ये काम कर चुके हैं। कोहली 2000 के आंकड़े से केवल 21 रन दूर है। कोहली पर्थ टेस्ट में ही ये कारनामा कर सकते हैं। वहीं वह चेतेश्वर पुजारा से भी केवल 54 रन दूर हैं। पुजारा भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर है। वहीं रोहित शर्मा की नजर भी इस सीरीज में खास चीज पर होगी। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 650 रन बनाए हैं।

भारत की ओर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने के मामले में वह गौतम गंभीर से पीछे हैं। गंभीर ने 673 रन बनाए हैं। रोहित 14 रन बनाकर टीम इंडिया के हेड कोच से आगे निकल जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी सगीर का निधन



जयपुर, 13 नवम्बर। जिला फुटबॉल संघ भूतपूर्व सचिव और विजय फुटबॉल क्लब के सचिव अब्दुल जब्बार ने बताया कि आज दिनांक 13 नवम्बर 2024 को सिटी फुटबॉल क्लब जयपुर के खिलाड़ी सागीर अहमद का निधन हो गया है। उनकी आयू लगभग 63 वर्ष की थी। वे काफी दिनों से स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण बीमार चल रहे थे। सिटी फुटबॉल क्लब की ओर से खिलते हुए उन्होंने अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिताएं भी खेली थी। साथ ही उन्होंने संतोष ट्राफी भी खेली थी। उनकी शव यात्रा में रवि प्रकाश शर्मा, निजाम कुरैशी, बरकतउल्ला, निजामुद्दीन, विनय कांत गोयल मौजुद रहे। सागीर अहमद के बडे भाई भी जयपुर के अच्छे खिलाडियो की गिनती में आते है। आज सवाई मानसिंह स्टेडियम पर सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रख सागीर अहमद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मणिपुर, हरियाणा, ओडिशा और उप्र. राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

चेन्नई, 13 नवंबर। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 10वें दिन बुधवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में मणिपुर, हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश ने अपने -अपने मुकाबलों में दर्ज कर कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

# आईपीएल मेगा ऑक्शन में स्पिनर्स पर बरस सकते है करोड़ों रुपये

**नई दिल्ली, 13 नवम्बर।** नवंबर का महीना क्रिकेट और आईपीएल फैंस के लिए किसी त्योहार से कम नहीं होने वाला है। दरअसल, इसी महीने की 24 और 25 तारीख को साऊदी के जेद्दा में दुनिया भर के कई खिलाड़ियों के नाम पर बोली लगेगी।इसके लिए सभी फ्रेंचाइजीस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं इस मेगा ऑक्शन से पहले सभी 10 टीमें रिटने किए गए खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप चुका है। जहां यूजवेंद्र चहल, आर अश्विन, वॉशिगंटन सुंदर और हरप्रीत बरार समेत 7 स्पिनर्स पर आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में करोड़ों की बोली लग सकती है। इस सूची में तीन विदेशी स्पिनर यानी न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर, अफगानिस्तान के नूर अहमद और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा भी शामिल हैं।

# सिंधु जापान मास्टर्स के दूसरे दौर में, लक्ष्य सेन हारे



कुमामोटो (जापान), 13 नवंबर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने बुधवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान टूर्नामेंट के महिला एकल के राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन पहले राउंड में हारकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

इसी के साथ भारत का अभियान पुरुष एकल में समाप्त हो गया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु ने 38 मिनट तक चले मुकाबले में रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को सीधे गेम में 21-12, 21-8 से हराया। बैडमिंटन रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद सिंधु ने पहले गेम से ही आक्रामक रुख अपनाया हुआ था। शुरुआत में बुसानन ने 3-0 की बढ़त जरूर हासिल की लेकिन सिंधु ने इसको कम करते हुए स्कोर को 7-7 से बराबर कर दिया।

इसके बाद सिंधु ने 14-12 से बढ़त बनाई। यहां से गेम किसी भी खिलाड़ी के पक्ष में जा सकता था लेकिन सिंधु ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और लगातार 7 अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-12 से जीत लिया। वहीं, बुसानन ओंगबामरुंगफान गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद भी अपनी लय को बरकरार नहीं रख सकी।

### गुकेश विश्व चैम्पियनशिप में डिंग लिरेन के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार : प्रज्ञाननंदा

कोलकाता, 13 नवम्बर। भारतीय किशोर ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा का मानना है कि मौजूदा फॉर्म को देखते हुए डी गुकेश चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने के प्रबल दावेदार हैं। विश्व चैंपियनशिप 25 नवंबर से 15 दिसंबर तक सिंगापुर में खेली जानी है। गुकेश अप्रैल में 17 साल की उम्र में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। उनके लिए 2024 उल्लेखनीय रहा, जिसमें उन्होंने 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। प्रज्ञाननंदा ने यहां पत्रकारों से कहा, ''गुकेश के हाल के फॉर्म को देखते हुए वह निश्चित रूप से खिताब का प्रबल दावेदार है। लेकिन विश्व चैंपियनशिप पूरी तरह से एक अलग टूर्नामेंट है। मुझे यकीन है कि गुकेश वास्तव में अच्छी तैयारी कर रहा होगा। देखते हैं कि मुकाबला कैसे आगे बढ़ता है।'' प्रज्ञाननंदा टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में खेलने के लिए यहां आए हैं। टूर्नामेंट में उनका पहला मुकाबला ही विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। उन्होंने कहा,'' कार्लसन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करना काफी रोमांचक होगा।

### अमन के ऑल राउंड प्रदर्शन से अरावली ने पी.एस. एकेडमी को 3 विकेट से हराया

जयपुर, 13 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 26वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज अरावली क्रिकेट एकेडमी में अमन मीणा 46



रन नाबाद तथा जय गोयल 25 रन पर 2 विकेट वह 48 रन की मदद से अरावली किकेट अकेडमी ग्राउन्ड हाथोज पर खेले गए पहले फाईनल मेच में अरावली क्रिकेट एकेडमी ने पी.एस. एकेडमी को 3 बिकेट से हरा कर पहला फाइनल का खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पी.एस एकेडमी ने पहले बल्ले बाजी करते हुए मनीष टांक 52 रन, देव प्रताव 39 रन, भुपेन्द्र 33 रन, दीपक चौधरी 19 रन, शिवेन्द्र सिंह 16 रन की मदद से निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 195 रन बनाए। गेंदबाजी में अरावली एकेडमी की और से अमन मीणा 15 रन पर 3 विकेट, जय गोयल 25 रन पर 2 विकेट, प्रहलाद यादव 54 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में अरावली एकेडमी के प्रशांत माली ने 40 रन, अमन मीणा 46 रन नाबाद, जय गोयल 48 रन (23 गेंद 1 चौका 6 छक्के) की आतिशी पारी की बदौलत विजय लक्ष्य ने 27.1 ओवर में 7 विकेट खोकर 199 रन बनाकर टीम को 3 विकेट से जीत दिला दी। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच अमन मीणा अरावली क्रिकेट एकेडमी रहे। संक्षिप्त स्कोर पी.एस. क्रिकेट एकेडमी 195 रन 9 विकेट खोकर 30 ओवर में। अरावली क्रिकेट एकेडमी 195 रन 7 विकेट खोकर 27.1 ओवर में ।

# राजस्थान-उत्तराखंड रणजी मैच में महिपाल, कार्तिक चमके

## कार्तिक शर्मा का रणजी डेब्यू मैच में शतक व महिपाल की शतकीय पारी की सहायता से राजस्थान मजबूत

जयपुर, 13 नवम्बर। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 की राष्ट्रियक्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के जयपुर के देहरादून में आज से शुरू हुए राजस्थान-उत्तराखंड रणजी मैच के पहले दिन राजस्थान के कार्तिक शर्मा का रणजी डेब्यू मैच में शतक व महिपाल लोमरोर की शतकीय पारी की सहायता से राजस्थान अपनी पहली पारी में बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर। आज से देहरादून में शुरू हुए राजस्थान-उत्तराखडंरणजी मैच के पहले दिन राजस्थान के बल्लेबाजों महिपाल लोमरोर व कार्तिक शर्मा ने न केवल शतक लगाए साथ ही पांचवेविकेट के लिए नाबाद 174 रनो की शतकीय साझेदारी करते हुए राजस्थान टीम को पहली पारी में बड़े स्कोर के तरफ अग्रसर किया।



राजस्थान पहली पारी 362/4, टॉस हराकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक महिपाल 4 विकेट के नुकसान पर 362 रन बना लिए थे। राजस्थान के अनुभवीबल्लेबाज महिपाल लोमरोर ने आज लगातार दूसरे रणजी मैच में शतक लगाया। महिपाल ने 189 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 141 रनो की शतकीय पारी खेली जिसमे 5 छक्के व 14 चोक्केशामिल थे।

राजस्थान के भरतपुर जिले केकार्तिक शर्मा जिन्होंने राष्ट्रिय अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी व अंडर 19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी तरफ खिंचा था व राजस्थान रणजी टीम में अपनी जगह बनाई थी ने आज अपने पहले ही रणजी पदार्पण मैच में नाबाद आतिशी शतकीय पारी खेलते हुए न केवल राजस्थान टीम को मजबूती प्रदान की साथ ही बीसीसीआई व समस्त क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है।

कार्तिक शर्मा ने आज राजस्थान-उत्तराखण्ड रणजी मैच के पहले दिन राजस्थान की पहली पारी में मात्र 114 गेंदों पर 6 छक्कों व 14 चौक्कों की सहायता से नाबाद 113 रनो की शतकीय पारी खेली। कार्तिक शर्मा द्वारा अपनी रणजी डेब्यू मैच में लगाया गया शतक राजस्थान रणजी टीम के इतिहास में 12 वां रणजी डेब्यू शतक है। कार्तिक शर्मा ने महिपाल लोमरोर के साथपांचवेविकेट के लिए नाबाद 174 रनो की शतकीय साझेदारी करते हुए राजस्थान टीम को पहली पारी में बड़े स्कोर के तरफ अग्रसर किया। राजस्थान के लिए महिपाल लोमरोर नाबाद 141, कार्तिक शर्मा नाबाद 113, राम मोहन चौहान 29, जुबेर अली 26, अभिजीत तोमर 20 व दीपक हुड्डा 10 रनो का योगदान दिया। उत्तराखंड के गेंदबाज स्वप्निल, अवनीश, अभय वधपोला प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये।



**राजस्थान-महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच ( पहले दिन का स्कोर )**

आज से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में शुरू हुए राजस्थान-महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के पहले दिन का स्कोर :- महाराष्ट्र पहली पारी 295/6, टीम के लिए नीरज जोशी 98, ओम नाबाद 65 व निखिल नाबाद 54 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज जतिन 70/3 व सचिन शर्मा 29/1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान के फील्डर सचिन शर्मा व मो अनस ने आज शानदार फील्डिंग करते हुए महाराष्ट्र के दो बल्लेबाजों को रन आउट किया।

# राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

## जालोर में आयोजित होगी चार दिवसीय चैम्पियनशिप में 40 टीमें भाग लेंगी


जयपुर, 13 नवंबर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में जालोर ज़िला हैंडबॉल संघ द्वारा 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका)-2024-25 का आयोजन 14 से 17 नवंबर तक जालोर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 40 टीमे जिसमें बालक वर्ग में 24 एवं बालिका वर्ग में 16 टीमे भाग ले रही है।


राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता के लिये पाँच ग्राउंड तैयार किये गये है। जिन पर बालक वर्ग में 72 एवं बालिका वर्ग में 36 मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता के दौरान ही आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के राज्य बालक एवं बालिका टीमों के लिए 30-30 संभावितों का भी चयन चयन समिति द्वारा किया जायेगा। बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों को चार चार पूल में बाँटा गया है। बालक वर्ग:- पूल ए:- जयपुर, ज्ञान ज्योति अकादमी, अजमेर, झालावाड़, डूंगरपुर एवं सिरोही।

पूल बी :- श्रीगंगानगर, चूरू, दुलमाना हैंडबॉल अकादमी, माही हैंडबॉल अकादमी एवं झुंझुनू, सवाईमाधोपुर।पूल सीः-सीकर, भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़ एवं करौली। पूल डीः-एसटीसी नोजगे, अलवर, भरतपुर, जैसलमेर, जालौर एवं महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी। बालिका वर्गः- पूल एः- श्रीगंगानगर, अलवर, झुंझुनू एवं बीकानेर। पूल बीः-हनुमानगढ़, बाड़मेर, जालौर एवं सीकर। पूल सीः- जयपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर एवं महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी। पूल डीः- जोधपुर, चित्तौड़गढ़, चूरू एवं दुलमाना हैंडबॉल अकादमी।

### राज्य सब जूनियर हैंडबॉल के लिये जयपुर टीमें घोषित

## अजय राज यादव और एकता कंवर को कप्तानी





जयपुर, 13 नवंबर। जालोर में 14 से 17 नवंबर तक होनी वाली 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता-2024-25 में भाग लेने वाली जयपुर बालक एवं बालिका टीमों की घोषणा कर दी है। जयपुर ज़िला हैंडबॉल संघ के सचिव अरुण प्रताप सिंह ने बताया की बालक टीम का कप्तान अजय राज यादव को बनाया गया है, जबकि बालिका टीम की कमान एकता कंवर को दी गई है। टीमें : बालक वर्गः- अजय राज यादव (कप्तान), यश यादव, अमन जांगिड, नितिन सैनी, विशाल कुमार प्रजापत, रोशन यादव, नाहर सिंह, विक्रम गुर्जर, अजय सराधना, रमेश कुमार बाजिया, हनुमान मीणा, मनीष जैन। बालिका वर्गः- एकता कंवर (कप्तान), अन्नू, वर्षा जाखड़, भावना, काजल कंवर, काजल गुर्जर, ब्यूटी कुमारी, एंजेल बैद, पावनी खुराना, अन्विता चौधरी, मिष्टी सुकलेचा, निशा गुर्जर।

# जयपुर ओपन 2024 में अर्जुन प्रसाद ने पहले राउंड में आठ अंडर-62 का शानदार स्कोर बनाया

जयपुर, 13 नवम्बर। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये इनामी राजस्थान टूरिज्म द्वारा प्रस्तुत जयपुर ओपन 2024 में बोगी-मुक्त प्रयास करते हुए पहले राउंड में आठ अंडर 62 का शानदार स्कोर बनाया। पुणे के प्रणव मार्डीकर ने पार-70 कोर्स में सात अंडर 63 का स्कोर बनाया और दूसरे स्थान पर रहे। पिछले सप्ताह के विजेता क्षितिज नवीद कौल, भारतीय स्टार राशिद खान, एम धर्मा, हरेंद्र गुप्ता, जमाल हुसैन, मारी मुथु और मोहम्मद अजहर सहित सात खिलाड़ी 64 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

जयपुर के प्रखर असावा ने 67 का स्कोर किया और स्थानीय गोल्फरों में सर्वोच्च स्थान पर रहे तथा संयुक्त 23वें स्थान पर रहे। मुंबई के आर्यमन आदित्य मोहन ने भी 67 का स्कोर किया तथा संयुक्त 23वें स्थान पर रहे और इस तरह पीजीटीआई के इतिहास में एक राउंड में तीन ईगल बनाने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। वे अली शेर, यश चंद्रा, वीर अहलावत और मनु गंडास के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। बुधवार को अर्जुन प्रसाद का पटर शानदार रहा, उन्होंने 25 फीट से तीन बर्डी पट और 12 फीट से एक और बर्डी लगाई। अपने पहले खिताब की तलाश में जुटे 25 वर्षीय अर्जुन ने बर्डी के लिए कुछ बेहतरीन चिप-पट भी लगाए तथा आठवें होल पर 15 फीट से ईगल बनाने से बाल-बाल बचे।




अर्जुन ने कहा, मैंने ग्रीन्स पर लाइनों को बहुत अच्छी तरह से पढ़ा और इस तरह कई बर्डी पट लगाने में सफल रहा। मुझे रामबाग गोल्फ क्लब की सराहना करनी चाहिए, जिसने हमें बेहतरीन ग्रीन्स उपलब्ध कराईं। ''मेरे पास एक रणनीति है। करीब से हिट करना और पट बनाना और पार-5 पर खुद को मौके देना और साथ ही छोटे पार-3 और पार-4 का फायदा उठना कुल मिलाकर महत्वपूर्ण होगा। पिछले कुछ हफ़्तों से मेरा खेल अच्छा चल रहा है। इसलिए मैं बस वही दोहराना चाहता हूँ जो मैं हाल ही में कर रहा हूँ।'' प्रणव मार्डीकर ने पहले दिन एक बोगी के बदले में आठ बर्डी लौटाईं और अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर सात अंडर की बराबरी की। उनका सात अंडर का पिछला राउंड भी पिछले साल रामबाग गोल्फ़ क्लब में हासिल किया गया था। प्रणव पार-3 के 16वें होल-इन-वन में वास्तव में करीब पहुँच गए थे, जहाँ उनका टी शॉट पिन से एक इंच दूर रुक गया था। उन्होंने 10 से 20 फ़ीट की रेंज से चार बर्डी रूपांतरण भी किए।

प्रणव ने कहा, मैंने बॉल-स्ट्राइकिंग का अच्छा दिन बिताया और खेल में लगभग हर बॉल को हिट किया। मैंने पटर के साथ भी अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले हफ़्ते पुणे में हुए इवेंट से मुझे गति मिली है, जहाँ मैंने अच्छा प्रदर्शन किया था। मेरे लिए इस शुरुआत का फ़ायदा उठाना ज़रूरी है क्योंकि मैं इस समय पीजीटीआई की मेरिट लिस्ट में शीर्ष-60 से बाहर हूँ और इस हफ़्ते अपना कार्ड पक्का करना चाहता हूँ। पिछले साल जयपुर में सात अंडर के अपने राउंड की कुछ अच्छी यादें मेरे पास हैं। मेरा शॉर्ट-गेम लगातार अच्छा रहा है और पिछले दो हफ़्तों में मेरी बॉल-स्ट्राइकिंग भी बेहतर हुई है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिनभर वॉर रुम तथा चुनाव मैनेजमेंट टीम के साथ मतदान का नियमित फीड बैक लिया और सातों सीट जीतने का दावा किया।*

# निर्दलीय नरेश मीणा के एस.डी.एम. को थप्पड़ मारने का मामला उलझा

## राजस्थान प्रशासनिक सेवा संघ ने नरेश मीणा को गिरफ्तार करने की मांग की

- **देवली-उनियारा सीट के समरावता व बीसलपुर के निवासी अपने गांव को उनियारा उपखण्ड से देवली उपखण्ड में ट्रांसफर करने के विरोध में चुनाव का बहिष्कार कर रहे थे।**
- **निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा का आरोप है कि मालपुरा एस.डी.एम. अमित चौधरी बहिष्कार को विफल करने के लिये आंगनबाडी कार्यकर्ता और शिक्षिका को वोट डालने के लिये धमका रहे थे। तीखी बहस के बाद मीणा ने तैश में आकर थप्पड जड़ दिया।**

टोंक, 13 नवम्बर। जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट उपचुनाव के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा एस.डी.एम. अमित चौधरी को थप्पड़ मारने की घटना से प्रशासन में भारी नाराजगी है।

घटनाक्रम के अनुसार, समरावता और बीसलपुर गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव पहले उनियारा उपखंड में था, लेकिन पिछली सरकार ने उन्हें देवली उपखंड में शामिल कर दिया। देवली उपखंड का मुख्यालय गांव से 95 किलोमीटर दूर है, जबकि उनियारा उपखंड मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे वे नाराज हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि उनके गांव को फिर से उनियारा में शामिल किया जाए। इसी मांग को लेकर उन्होंने मतदान का बहिष्कार किया।

मतदान के बहिष्कार की खबर मिलने पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समझाइश का प्रयास किया। मालपुरा के एस.डी.एम. अमित चौधरी भी गांव में मौजूद थे और स्थिति को शांत करने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच, निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी ग्रामीणों का समर्थन करने वहां पहुंचे। समझाइश के दौरान, एस.डी.एम. और मीणा के बीच तीखी बहस हो गई, जिसके बाद नरेश मीणा ने तैश में आकर एस.डी.एम. को थप्पड़ मार दिया।

घटना के बाद, नरेश मीणा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे चार घंटे से ग्रामीणों के साथ बैठे थे और उनकी मांग का समर्थन कर रहे थे। मीणा ने आरोप लगाया कि एस.डी.एम. ने गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षिका को धमकाया कि यदि उन्होंने मतदान नहीं किया तो उनकी नौकरी चली जाएगी। मीणा का कहना है कि एस.डी.एम. की इस धमकी से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और इसी कारण उन्होंने एस.डी.एम. को थप्पड़ मारकर जवाब दिया।

इसके अलावा, नरेश मीणा ने चुनाव आयोग पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आयोग ने साजिश के तहत, उनकी चुनावी पहचान को कमजोर करने के लिए मशीन में उनके चुनाव चिंह को हल्का कर दिया, जिससे मतदाताओं को परेशानी हो रही है और उनके वोट प्रभावित हो रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने इस मामले में कहा कि एरिया मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के अनुसार, कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि समरावता गांव के ग्रामीणों की मांग का समाधान चुनाव के बाद किया जाएगा। आचार संहिता लागू होने के कारण अभी इस पर विचार नहीं किया जा सकता है, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद प्रपोज़ल सरकार को भेजा जाएगा, ताकि गांव को उनियारा तहसील में वापस जोड़ा जा सके।

इस घटना के बाद टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि इस मामले को संज्ञान में लिया गया है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सांगवान ने बताया कि उन्होंने खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया है और मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दूसरी तरफ, राजस्थान प्रशासनिक सेवा संघ ने नरेश मीणा को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया तथा इस घटना की कड़ी निंदा की है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दावा, सातों सीटों पर जीतेगी भाजपा

## विधानसभा क्षेत्रों की चुनावी टीम, पार्टी पदाधिकारियों व प्रभारियों से मतदान का पल-पल फीडबैक लेते रहे

- **उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार के दौरान वे जिस क्षेत्र में गये, जनता का अपार जन समर्थन भाजपा के पक्ष में दिखा।**
- **सात सीटों के उपचुनाव में मुख्यमंत्री ने हर सीट पर दो-दो चुनाव सभायें कीं।**

जयपुर, 13 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दावा किया है कि राजस्थान की सातों विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे। शर्मा ने कहा कि, चुनाव प्रचार के दौरान जिस क्षेत्र में भी गए, वहां की जनता का अपार जन समर्थन भाजपा के प्रति दिखा। चुनाव में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर मेहनत की है और जनता ने 11 महीने की सरकार में हुए जनकल्याण के कार्यों के प्रति अपना समर्थन दिखाया है। राजस्थान की जनता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता सर्वाधिक है और इसका फायदा इन चुनावों में भाजपा को मिला है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार शाम को मतदान के लिए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती एवं विकास के लिए जागरूकता से मतदान कर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। राजस्थान की जनता समझदार है और उसने सोच-समझकर मतदान किया है। जनता को पता है कि उसका विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। इसलिए उनका वोट डबल इंजन की सरकार को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पड़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस चुनाव में महिला, युवा, किसान, गरीब सहित, हर वर्ग का समर्थन भाजपा के साथ था। भाजपा की सभाओं में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी ने इस बात को साबित भी किया। चौरासी की सभा तो ऐतिहासिक थी, जिसमें आदिवासी भाईयों ने हजारों की संख्या में आकर भाजपा के पक्ष में खड़े होकर विभाजनकारी ऐजेंडे को करारा जवाब दिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरे दिन मतदान पर नजर रखी। उन्होंने उपचुनाव वाली सीटों, सलूम्बर, चौरासी, झुंझुनूं, खींवसर, दौसा, रामगढ़ एवं देवली-उनियारा में जिम्मेदारी निभा रही चुनावी टीमों, पार्टी पदाधिकारियों व प्रभारियों से मतदान का पल-पल का फीडबैक लिया। उन्होंने प्रदेश स्तर पर चुनाव मैनेजमेंट टीम और वॉररूम की टीम को भी आवश्यक निर्देश दिए और कड़ी मेहनत करने वाले समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 7 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी सीटों पर दो-दो बार चुनावी सभाएं कीं। इन चुनावी सभाओं में उमड़े जन सैलाब ने यह तय कर दिया था कि जनता इन चुनावों में भाजपा के साथ है और परिवारवाद, भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस एवं उनके सहयोगियों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है।

## 'भाजपा कभी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और चेतावनी दी कि यदि धारा 370 को रद्द किया गया तो देश में खून की नदियाँ बहेंगी। धारा 370 को रद्द किए हुए छः साल बीत गए हैं और किसी ने एक पत्थर उठाने की हिम्मत भी नहीं की है। उन्होंने, प्रधानमंत्री मोदी को, जे. एण्ड के. में आतंकवाद खत्म करने के लिए यह सख्त निर्णय लेने का श्रेय दिया।

शाह ने कहा, भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर बनाने का वादा किया था। सन् 2019 में राहुल गाँधी भाजपा का उपहास करते हुए कहते थे, "मंदिर वहीं बनाएंगे, पर तिथि नहीं बताएंगे।"

तथापि, महाराष्ट्र तथा देश की जनता ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी जी को पुनः चुना और पांच साल के अंदर हम केस जीत गए, भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ और प्रधानमंत्री ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की। शाह ने कहा, राहुल गाँधी और शरद पवार, जिन्होंने भाजपा का मज़ाक बनाया, अभी तक राम मंदिर नहीं गए हैं।

## एक दूसरे पर भारी संदेह है, महाराष्ट्र ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के उल्लेख का उनका निर्णय भाजपा के लिये भी एक चेतावनी भरा संकेत प्रतीत हो रहा है। कांग्रेस तथा शिवसेना (यू.बी.टी.) ने इस पर तत्काल एवं तल्ख प्रतिक्रिया देते हुये कहा, "अब इस बात का सबूत मिल गया है कि महाराष्ट्र सरकार "अडानी सरकार" थी। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने "एक्स" पर पूछा, "गौतम अडानी की अधिकारिता (लोकस स्टैन्डी) क्या थी? वे सरकार के गठन से संबंधित मीटिंगों में क्यों बैठ रहे थे? उन्होंने आगे कहा, "मैं फिर दोहरा रही हूं: एम.वी.ए. सरकार केवल अडानी की खातिर गिरायी गई थी, जिससे वे धारावी तथा अन्य वो प्रोजेक्ट्स प्राप्त कर सकें, जो वे चाहते थे।" शिवसेना (यू. बी. टी.) की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने पूछा : "क्या गौतम अडानी भाजपा के अधिकृत वार्ताकार हैं? क्या उन्हें गठबंधन "फिक्स" करने की जिम्मेदारी दी हुई है? एक व्यवसायी महाराष्ट्र में किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में लेने के लिए इतने उत्साह और तत्परता से काम क्यों कर रहा है?"

जहां भाजपा नेता देवेन्द्र फड़नवीस ने पहले आरोप लगाया था कि 2019 में, भाजपा के साथ शरद पवार की बात हुई थी, वहीं यह पहला अवसर है, जब इन मीटिंगों में अडानी की मौजूदगी के जानकारी सामने आई है। इसलिए अजीत पवार के गेम प्लान को लेकर लोगों में बहुत ज्यादा उत्सुकता है।

जहां महाराष्ट्र की राजनैतिक लड़ाई मूलतः एम. वी. ए. और "महायुति" गठबंधन के पार्टनरों के बीच है, इसकी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों गठबंधनों के सभी छह घटकों में से प्रत्येक घटक एक-दूसरे को संदेह की दृष्टि से देख रहा है। जहां प्रत्येक गठबंधन के पार्टनर जीतने के लिए लड़ रहे हैं, पर इनमें से कोई घटक दल यह नहीं चाहता कि उसके गठबंधन के अन्य पार्टनर मजबूत स्थिति में आ जाएं। जहां अजित पवार की एन. सी. पी. केवल 57 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, तथा उस गठबंधन की पार्टनर शिन्दे सेना 80 सीटों पर तथा भाजपा (148 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।) इसलिए अजित पवार समय-समय पर भाजपा के मुकाबले अपने अधिकार के लिए दृढ़ता प्रदर्शित करते रहते हैं। अभी हाल ही में, उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे "बंटेंगे तो कटेंगे" का सार्वजनिक रूप से विरोध भी किया था। जाहिर है, दोनों गठबंधनों के घटक दलों की नजरें चुनाव के बाद के परिदृश्य पर लगी हुई हैं।

## खींवसर में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रतिशत 69.29 दर्ज किया है। गुरूवार को मतदान दस्तावेजों की संवीक्षा के बाद ही अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि खींवसर में 75.69, रामगढ़ में 75.27, चौरासी में 74.1, सलूम्बर में 67.01, झुंझुनूं में 65.8, देवली-उनियारा में 65.1 और दौसा में 62.1 फीसदी मतदान हुआ।

## हिरासत में मौतः दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही करें

- **राज्य मानवाधिकार आयोग ने मृतक सुनील कुमावत के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के भी आदेश दिये।**

जयपुर, 13 नवबर। राज्य मानवाधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर, जयपुर और एस.पी. नागौर को निर्देश दिए हैं कि पुलिस हिरासत में बंदी की मौत के दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाही की जाए। इसके साथ ही, आयोग ने इन पुलिसकर्मियों को कर्तव्य पद से दूर करते हुए मामले की जांच उप अधीक्षक स्तर के अधिकारी से करवा कर मामले में की गई विभागीय कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। वहीं, आयोग ने मृतक सुनील कुमावत के परिजनों को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने को कहा है। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचंदानी ने यह आदेश दिए।

सुनवाई के दौरान, न्यायिक जांच रिपोर्ट आयोग के समक्ष पेश की गई, जिसमें सामने आया कि मृतक सुनील कुमावत के खिलाफ कुचामन सिटी में वर्ष 2021 में दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। वहीं 8 जनवरी, 2022 को उसे जिला अस्पताल, दौसा से एस.एम.एस. अस्पताल में रैफर किया गया था। इस दौरान एम्बुलेंस में उसकी मौत हो गई और एस.एम.एस. अस्पताल में पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। न्यायिक जांच में यह भी बताया गया कि मृतक की मौत गला दबाने से हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गले पर दो चोटें बताई गईं।

इसके अलावा, न्यायिक जांच में बंदी की मौत का जिम्मेदार कांस्टेबल इकबाल खां, कास्टेबल राजूराम और धर्मी मीणा को बताया गया और इसमें परिवादी पक्ष के व्यक्ति शिवलाल, बाबूलाल और निजी वाहन चालक नदीम के साथ आपराधिक षडयंत्र बताया गया। इस पर अदालत ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के आदेश देते हुए मृतक के परिजनों को क्षतिपूर्ति राशि देने को कहा है।

## कोचिंग सैंटर्स के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"कंज़्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट, 2019 का उल्लंघन माना जायेगा। इस सेन्ट्रल अथॉरिटी के पास दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के अधिकार हैं। इस कार्यवाहियों में जुर्माना करना, जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा ऐसी धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति भविष्य में न होने देना।

विभिन्न कोचिंग सेन्टरों द्वारा अपनाये जाने वाले अनुचित तरीकों, जिनमें विशेष रूप से विद्यार्थियों, आशार्थियों की एनरोलमेंट फीस वापस न करना शामिल है, से संबंधित अनेक शिकायतें नेशनल कन्ज्यूमर हैल्पलाइन में दर्ज पाई गई हैं।

इन शिकायतों के बाद ही, एन. सी. एस. ने इन शिकायतों के समाधान के लिए मिशन-मोड पर यह अभियान छेड़ा है, ताकि प्रभावित विद्यार्थियों (1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 के दौरान) को कुल 1.15 करोड़ रु. वापस कराये जा सकें। इन सारे रिफन्ड्स की प्रक्रिया, कानूनी कार्यवाही करने से पहले ही, उस समय तत्काल शुरू कर दी गई, जब पूरे देश में बिखरे प्रभावित विद्यार्थियों, जिन्होंने हैल्पलाइन पर अपनी शिकायतें दर्ज की थीं, के मामले में विभाग ने हस्तक्षेप किया।

## आर.पी.एस. के पूर्व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पीठासीन अधिकारी पंकज कुमार काबरा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।

जमानत अर्जी में कहा गया था कि प्रकरण में आरोप पत्र पेश हो चुका है और अब अनुसंधान बाकी नहीं है। इसके अलावा, वह लंबे समय से जेल में बंद है, इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि यदि आरोपी को जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने राईका को जमानत देने से इन्कार कर दिया है।

गौरतलब है कि एस.ओ.जी. ने गत 29 अक्टूबर को रामूराम राईका सहित बीस आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। इस प्रकरण में राईका के बेटे देवेश, बेटी शोभा और आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा सहित अन्य को गिरफ्तार किया जा चुका है। पेपर लीक मामले में एस.ओ.जी. ने दस मार्च को प्रकरण दर्ज किया था।

## मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए ब्राज़ील जायेंगे

- **प्रधानमंत्री ब्राज़ील के साथ नाइजीरिया और गुयाना की भी यात्रा करेंगे।**

नयी दिल्ली, 13 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 से 21 नवंबर तक नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर जाएंगे जहां वह 18 एवं 19 नवंबर को रियो डि जनेरा में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 16 नवंबर को तीन देशों, ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना की यात्रा पर निकलेंगे। ब्राजील की यह यात्रा 18-19 नवंबर को होने वाले 19वें जी20 शिखर सम्मेलन के लिए है।

मोदी की नाइजीरिया यात्रा पर विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, प्रधानमंत्री 16-17 नवंबर तक नाइजीरिया की राजकीय यात्रा करेंगे। यह यात्रा नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के निमंत्रण पर हो रही है। यह प्रधानमंत्री की पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र की पहली यात्रा तथा यह 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोज़र न्याय के खिलाफ दिशा-निर्देश जारी किये

## उचित कानूनी प्रक्रिया के बिना आरोपी की सम्पत्ति में तोड़फोड़ करने वाले अधिकारी दंडित होंगे

- **शीर्ष अदालत ने कहा, नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और सम्पत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता।**

नयी दिल्ली, 13 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने बुलडोज़र न्याय के खिलाफ बुधवार को सख्त फैसला सुनाया और देशव्यापी दिशा- निर्देश जारी करते हुए कहा, बिना उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये किसी अपराध के दोषी या आरोपी की संपत्ति के साथ तोड़-फोड़ करने वाले अधिकारी दंडित किए जाएंगे।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने आश्रय के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का एक पहलू बताते हुए कहा कि किसी अपराध के आरोपी या दोषी की रिहायशी या व्यावसायिक संपत्ति को कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्त नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने सरकारी अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानी और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा बुलडोज़र कार्रवाई करना शक्ति के पृथक्करण के मूल सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जिसके तहत न्यायपालिका को ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेने का काम सौंपा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

अदालत ने दोषी ठहराए जाने तक आरोपी के निर्दोष होने के अनुमान के सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि दोषी को भी मनमाने तरीके से की गई किसी भी कार्रवाई के खिलाफ कानून के तहत संरक्षण दिया गया है। पीठ ने कहा, "महिलाओं, बच्चों और वृद्धों को इस तरह बेघर होते देखना सुखद दृश्य नहीं है।" शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारी न्यायपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने हाथों में नहीं ले सकते और नागरिकों के मौलिक और वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कार्य नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी घोषित करना शुरू कर दे तो यह "पूरी तरह से असंवैधानिक" होगा। ऐसे मामलों में अनधिकृत निर्माण हो सकते हैं, जिन पर समझौता किया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि किसी घर या व्यावसायिक संपत्ति को गिराने से पहले संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है। पीठ ने कहा कि घर का निर्माण परिवार के वर्षों के सपने, आकांक्षाओं और सामूहिक उम्मीद का परिणाम है।

## आवंटी के फ्लैट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आवंटियों के फ्लैट्स बेच सकता है और न उन्हें इसके उपयोग करने से रोक सकता है। बैंक बिल्डर की प्रॉपर्टी को बेचकर अपने लोन की वसूली कर सकता है।

मामले से जुड़े अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने बताया कि प्रार्थी ने कोटा की आकृति लैंड कोन कंपनी के आवासीय प्रोजेक्ट श्रीनाथ ओएसिस में सितंबर, 2015 में 25 लाख रुपए में एक फ्लैट बुक कराया और उसकी कीमत का भुगतान कर दिया। उसने सेल डीड के जरिए फ्लैट का कब्जा भी ले लिया। वहीं, वर्ष 2023 में बैंक ने बिल्डिंग के बाहर एक नोटिस चस्पा करते हुए कहा कि बिल्डर ने प्रोजेक्ट को गिरवी रख बैंक से 15 करोड रुपए का लोन लिया था, जिसे चुकाया नहीं है। ऐसे में प्रार्थी सहित अन्य फ्लैट्स को कब्जे में लिया जाएगा और उनका बेचान कर बैंक के लोन की वसूली की जाएगी।

बैंक की इस कार्रवाई को प्रार्थी सहित अन्य ने रेरा में चुनौती देते हुए कहा कि बैंक को बिल्डर को दिए गए लोन की वसूली आवंटियों से करने का अधिकार नहीं है। इसलिए बैंक की ओर से उनके फ्लैट्स के बेचान करने पर रोक लगाई जाए।

## हाईकोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रही है, जबकि इसमें कई अन्य घोटाले भी हैं। कई मामलों में तो बिना काम किए ही भुगतान दिया गया है। कई मामलों में लोहे के पाइप के स्थान पर प्लास्टिक के पाइप लगाए गए हैं। हाल ही में, पूर्व मंत्री महेश जोशी सहित अन्य के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज हुई है। ऐसे में, इस मामले में ई.डी. को भी पक्षकार बनाया जाए।

मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने ई.डी. को पक्षकार बनाते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जनहित याचिका में कहा गया कि श्रीगणपति ट्यूबवैल और श्रीश्याम कृपा ट्यूबवैल कंपनी ने फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र के जरिए जल जीवन मिशन में करीब नौ सौ करोड़ रुपए का भुगतान लिया है।

बाद में ये प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। ऐसे में मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

# 24 साल बाद निचली अदालत का फैसला पलटा हाईकोर्ट ने

## निचली अदालत को, वक्फ़ बोर्ड की जमीन से अतिक्रमण हटाने से संबंधित मामले में पुनः सुनवाई के आदेश दिये

- **निचली अदालत ने वक्फ़ बोर्ड द्वारा अपील दायर करने में 15 दिन की देरी की तकनीकी कमी के चलते मामले को खारिज कर दिया था।**
- **मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड की ओर से वकील सहबान नकवी ने हाईकोर्ट के समक्ष पैरवी की। हाईकोर्ट ने 24 साल पुराने आदेश को रद्द करते हुए निचली अदालत को आदेश दिये कि तथ्यों के आधार पर मामले को फिर से सुने।**

जयपुर, 13 नवम्बर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई की, जिसमें धौलपुर के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष द्वारा वर्ष 1998 के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत के 24 साल से भी अधिक पुराने आदेश को रद्द कर और निचली अदालत को वक्फ़ बोर्ड की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने से संबंधित इस मामले में पुनः सुनवाई करने के आदेश दिये हैं। इस मामले में वक्फ़ वोर्ड का आरोप है कि उसकी संपत्ति पर सुवा लाल द्वारा अतिक्रमण किया गया है।

दरअसल इस मामले में वक्फ़ बोर्ड की संपत्ति पर अतिक्रमण करने के खिलाफ बोर्ड ने भरतपुर स्थित संपदा-अधिकारी की अदालत में याचिका दायर कर रखी है, जिसे वर्ष 1987 में खारिज कर दिया गया था। परंतु बोर्ड को संपदा अधिकारी द्वारा तीन महीने बाद तक इस आदेश की पंजीकृत कॉपी नहीं दी गई। जब बोर्ड ने अतिरिक्त जिला न्यायालय के समक्ष अपील जारी की तो देर से अपील दायर करने की क्षमा मांगते हुए उसने अदालत को बताया गया था कि उसे समय पर आदेश की कॉपी नहीं दी गई थी। परंतु अतिरिक्त जिला न्यायालय ने वर्ष 1998 में बोर्ड की अपील 15 दिन की देरी से फाइल करने के आधार पर खारिज कर दी थी।

मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड की ओर से पैरवी कर रहे वकील सहबान नकवी ने हाईकोर्ट को सुनवाई के दौरान बताया कि उसके मुवक्किल ने जिला न्यायालय के समक्ष रिव्यु पिटीशन ही दायर की थी, जिसे भी अदालत ने दो हफ्ते बाद खारिज कर दिया था।

वक्फ़ बोर्ड ने इन दोनों आदेशों के खिलाफ हाईकोर्ट में वर्ष 2000 में रिट याचिका दायर की थी। न्यायाधीश अनूप कुमार ढंढ ने अपने जिला न्यायालय में वर्ष 1998 में दिये आदेशों को रद्द करते हुए कहा कि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश को वक्फ़ बोर्ड की अपील को देरी से पेश किये जाने के कारण खारिज नहीं किया जाना चाहिये था जबकि अदालत को बताया गया था कि बोर्ड को समय पर उसके खिलाफ दिये गये आदेश की कॉपी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि वक्फ़ को 10 हजार रुपये का भुगतान करे और पुनः निचली अदालत तथ्यों के आधार पर इस मामले की सुनवाई करे। अदालत ने बोर्ड को आदेश दिये हैं कि 15 दिन के अंदर अदालत में जमा कराये।

## अपने पैरों पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के लिए अपने चाचा की प्रतिष्ठा का लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह भी अजित पवार के गुट को निर्देश दिये थे कि वह 36 घंटे के अन्दर मराठी दैनिकों सहित, समाचार पत्रों में यह "डिसक्लेमर" प्रकाशित कराये कि एन.सी.पी. द्वारा चुनाव चिन्ह के रूप में "घड़ी" का प्रयोग करना अभी न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता तथा उज्जल भूयान की बैंच का यह आदेश अजित पवार के वकील बलबीर सिंह के इस आश्वासन के बाद दिया गया कि संदर्भित "डिसक्लेमर" निर्धारित समयान्तर्गत प्रकाशित करा दिया जायेगा।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908